51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 21.4 °c | अधिकतम 35.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:20, सूर्यास्त : 7:13 | वर्ष : 51/ अंक : 149 | बुधवार, 31 मई 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

लड़ने की ताकत सबके पास होती है, मगर किसी को जीत पसंद होती है तो किसी को रिश्ते।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

हमने हर फैसला लोगों की भलाई के लिए लिया : मोदी



लोगों का तो ठीक है...कुछ विपक्षी नेताओं का भी सोच लेते.....

# पंचायत में जूतों की माला पहनाकर पीटा

▶ छपार के भैंसरहेड़ी गांव का मामला सोशल मीडिया पर वायरल ▶ संज्ञान में आने के बाद पुलिस हरकत में आई, अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** जनपद के थाना छपार क्षेत्र के गांव भैंसरहेडी में आयोजित पंचायत में एक युवक के गले में जूतों की माला डालकर उसकी पिटाई करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। वायरल वीडियो में मार खा रहा यह व्यक्ति उत्तराखंड के रुड़की निवासी अफजाल बताया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि इसने कुछ दिन पूर्व असद नाम के अपने साढू की पुत्री का रिश्ता भैंसरहेडी गांव के एक युवक के साथ कराया था। बताया जा रहा है कि अफजाल ने इस रिश्ते को कराने की एवज में लड़के पक्ष से कुछ पैसे ले लिए थे, जिसका जब असद को पता चला तो विवाद खड़ा हो गया था। आरोप है कि जिसके बाद अफजाल ने अपने साढू असद की बेटी के बारे में यह गलत अफवाह उड़ा दी कि वह घर से किसी युवक के साथ फरार हो गई थी। यह भी बताया जा रहा है कि इस मामले का पटाक्षेप करने के लिए 28 मई को अफजाल और असद भैसरहेडी गांव में पहुंचे थे। वहां परिवार के लोगों की पंचायत के दौरान जब अफजाल पर आरोप तय हो गए तो उसके गले में जूतों की माला डालकर उसकी जमकर पिटाई की गई। इस दौरान किसी व्यक्ति ने पूरा मामला अपने मोबाइल में कैद कर सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया था। इसके चलते इस वायरल वीडियो का आलाधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

इस घटना की जानकारी देते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो की जानकारी प्राप्त हुई है एवं यह वीडियो छपार थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसरहेडी का बताया जा रहा है। इस वीडियो में एक व्यक्ति के साथ कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुर्व्यवहार किया जाना दिखाया प्रस्तुत हो रहा है। इस संबंध में थाना छपार को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हाजा पर इसके संबंध में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं हुई है और जिस व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है उससे संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही उससे जो तहरीर प्राप्त होगी उसके आधार पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## छपार में ग्राम प्रधान की पुनर्मतगणना पर रोक
### उपजिलाधिकारी के आदेश पर एडीजे ने दिया स्टे

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)। जनपद के गांव छपार के प्रधान जुबैर उर्फ बबलू त्यागी के खिलाफ एसडीएम सदर के रिकाउंटिंग के आदेश पर एडीजे 3 ने स्टे दे दिया है। मामले में तीन जुलाई को स्टे होगा। पंचायत चुनाव में छपार ग्राम पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए जुबैर उर्फ बबलू त्यागी तथा मनोज त्यागी के बीच मुकाबला हुआ था। जब मतगणना हुई तो जुबैर उर्फ बबलू त्यागी को एक वोट से विजय घोषित कर दिया गया था। जुबैर उर्फ बबलू त्यागी के निर्वाचन को उनके प्रतिद्वंदी मनोज त्यागी ने एसडीएम सदर के न्यायालय में चुनौती दी थी। मनोज त्यागी ने रिकाउंटिंग करने के लिए मुकदमा दायर किया था। लंबी बहस के बाद 18 मई 2023 को एसडीएम सदर परमानंद झा ने सुनवाई करते हुए छपार ग्राम पंचायत की मतगणना की रीकाउंटिंग करने के आदेश दे दिए थे। 25 मई को ग्राम छपार की मतगणना रीकाउंटिंग होनी थी लेकिन इसी भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का खतौली तहसील के ग्राम तुलसीपुर में कार्यक्रम लग गया क्योंकि मुख्यमंत्री का मुजफ्फरनगर दौरा था इसलिए एसडीएम सदर परमानंद झा ने प्रशासनिक व्यवस्था के चलते इसमें 1 जून को रिकाउंटिंग करने का आदेश दिया था। एसडीएम सदर के आदेश के खिलाफ ग्राम प्रधान जुबैर उर्फ बबलू त्यागी ने मुजफ्फरनगर के एडीजे 3 के न्यायालय में एसडीएम के आदेश के खिलाफ स्टे देने के लिए वाद दायर किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए आज एडीजे 3 ने एसडीएम सदर के 18 मई 2023 के आदेश पर रोक लगाते हुए इस मामले में तीन जुलाई की तिथि नियत कर दी है। एसडीएम के आदेश के खिलाफ कोर्ट से स्टे मिलने पर जहां मनोज त्यागी को झटका लगा है वही ग्राम प्रधान बबलू त्यागी ने रात की सांस ली है।**



आग के बाद बिंदल पेपर मिल के गोदाम से निकाले गए जले-अधजले कागज के रोल

# चौ. नरेश टिकैत को मैडल सौंप लौटे पहलवान

▶ हरिद्वार में गंगा में अपने मेडल विसर्जन का किया था ऐलान
▶ श्री गंगा सभा ने हर की पौड़ी पर विसर्जन का किया विरोध

**हरिद्वार, 30 मई (बु.)।** जंतर मंतर पर धरने के बाद महिला खिलाड़ियों के उत्पीड़न के विरोध में आज गंगा में मेडल प्रवाहित करने हरिद्वार पहुंचे पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया को श्री गंगा सभा ने हरकी पैड़ी पर मेडल विसर्जन करने से रोक दिया। श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा है कि हरकी पैड़ी सनातन का पवित्र तीर्थ स्थल है। पहलवान स्नान और दानपुण्य कार्य करें। लेकिन मेडल विसर्जन नहीं करने दिया जाएगा। हरकी पैड़ी को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाएगा। बाद में वहां पहुंचे भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के समझाने पर यह पहलवान अपने मैडल उन्हें सौंपकर दिल्ली रवाना हो गए। उन्होंने इंडिया गेट पर आमरण अनशन की चेतावनी दी।

मंगलवार को बजरंग पुनिया ने मेडल गंगा में प्रवाहित करने की जानकारी अपने ट्वीटर एकाउंट पर दी थी। उन्होंने पुलिस और तंत्र पर पहलवानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्पीड़क खुली सभाओं में हमारे ऊपर फबतियां कस रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति पर अनदेखी और प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि इन मेडलों को हम गंगा में बहाने जा रहे हैं, क्योंकि वह गंगा मां हैं। जितना पवित्र हम गंगा को मानते हैं उतनी ही पवित्रता से हमने मेहनत कर इन मेडलों को हासिल किया था। ये मेडल सारे देश के लिए ही पवित्र हैं और पवित्र मेडल को रखने की सही जगह पवित्र मां गंगा ही हो सकती है। यहां तक कि पाक्सो एक्ट को बदलवाने की बात सरेआम कह रहा है। महिला पहलवान अंदर से ऐसा महसूस कर रही हैं कि इस देश में हमारा कुछ बचा नहीं है। हमें वे पल याद आ रहे हैं जब हमने ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीते थे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेश टिकैत पहलवानों से मिलने मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी देर तक पहलवानों को समझाया। उन्होंने पहलवानों को इंसाफ दिलाने के लिए वार्ता करने की बात कहते हुए पहलवानों को समझाया। चौधरी नरेश टिकैत की बात मानने के बाद पहलवान अपने मैडल उन्हें सौंप कर करीब पौने दो घंटे के बाद वापस दिल्ली लौट गए।

## शिव चौक और टिकैत के आवास पर पहुंचे पहलवान



शिवचौक पर कुछ देर के लिए रुके पहलवान बजरंग पुनिया व विनेश फोगाट

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** हरिद्वार से दिल्ली लौटते समय देर रात रेसलर शिवचौक पर माथा टेकने के बाद चौधरी टिकैत के आवास पर पहुंचे। वहां उनके आगमन की सूचना पर भीड़ लग गई। गौरव टिकैत ने वहां उनकी अगवानी की। बजरंग पूनिया कार चला रहे थे। उनके साथ खिलाडी मौजूद थे।



टिकैत आवास पर पहुंचे पहलवान तो वहां उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी।

# चालीस घंटे बाद भी सुलगती रही बिंदल पेपर मिल

▶ लोहे के भारी गर्डर पिघल कर गिरे, बाल-बाल बचे कर्मचारी
▶ आग बुझाने के लिए आज भी दिन भर जूझते रहे फायरटेंडर
▶ मंत्री डॉ.संजीव बालियान और कपिलदेव अग्रवाल भी पहुंचे

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** वेस्ट यूपी की सबसे बड़ी पेपर मिलों में शुमार बिंदल पेपर मिल में लगी आग चालीस घंटे बाद भी अंदर ही अंदर सुलग रही है। ऐसे में आज भी दिन भर दमकल की गाडियां आग बुझाने के लिए जूझती रहीं। आग बुझाते समय पिघल रहे गर्डर गिरने से वहां बचाव कार्य में जुटे लोग बाल-बाल बच गए। मंगलवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान और प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल को देखा और अग्निकांड पर अफसोस जाहिर करते हुए ग्रुप के चेयरमैन राकेश बिंदल तथा डायरेक्टर मयंक बिंदल आदि को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

भोपा रोड पर बिंदल पेपर मिल में गत दिवस सुबह साढ़े चार बजे लगी आग की लपटें तो शांत हैं, लेकिन गोदामों में रखे कागज के अंदर सुलग रही आग अभी भी काबू में नहीं आ पा रही है। बड़ी सावधानी से गोदामों में भीतर ही भीतर सुलग रहे कागजों की रीलों व बंडलों को बाहर निकालकर बुझाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन यह काम बहुत तेजी से संभव नहीं हो सका। ऐसे में दमकल कर्मी लगातार आग से जूझते रहे। आज भी एसडीएम सदर परमानंद झा मौके पर निगरानी में जुटे रहे। दिन में प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल फैक्ट्री पहुंचे और उन्होंने पूरी फैक्ट्री का निरीक्षण किया। शाम के समय केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान ने भी फैक्ट्री पहुंचकर आग के हादसे में हुई क्षति पर गहरा दुख जताया। दोनों मंत्रियों ने बिंदल ग्रुप के चेयरमैन राकेश बिंदल, डायरेक्टर मयंक बिंदल, अंकित बिंदल व विकास बिंदल आदि से मिलकर हादसे में हुई क्षति को प्रदेश के उद्योग जगत के लिए बड़ा नुकसान बताते हुए कहा कि सरकार से जो भी संभव सहायता होगी, उपलब्ध कराई जाएगी। आज भी स्थिति यह रही कि फैक्ट्री परिसर में आग की चपेट में आए फिनिशिंग कक्ष के साथ दो गोदामों की छतें और दीवारें भी आग से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। आग की तपिश का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ऊंची बिल्डिंग के भारी गर्डर भी पिघलकर गिर गए। इसमें बचाव कार्य में लगे कई लोग बाल बाल बच गए। बाद में इनके ठंडा हो जाने के बाद उन्हें गैस कटर से काट कर हटाया गया। इसके बाद अंदर से सुलग रहे कागज को निकालने के प्रयास फिर से शुरू हुए। आग को बुझाने के लिए मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, शामली, सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बिजनौर दमकल विभाग के 80 से ज्यादा कर्मी और पेपर मिल में काम करने वाले 100 कर्मचारी भी जुटे रहे। आग से कितनी क्षति हुई है, इसे लेकर अभी कोई ठोस जानकारी नहीं है। मोटे तौर पर डेढ़ सौ करोड़ के करीब का नुकसान होने का अंदेशा है। बिंदल ग्रुप के डायरेक्टर मयंक बिंदल ने बताया कि आग के पूरी तरह बुझ जाने के बाद ही इससे हुए नुकसान का सही-सही आंकलन किया जा सकेगा। राहत और बचाव कार्य की निगरानी कर रहे बुलंदशहर के सीएफओ प्रमोद शर्मा ने कहा कि काफी हद तक आग पर काबू पाया जा चुका है, लेकिन कागजों के अंदर अभी भी सुलग रही आग को बुझाना बड़ा जोखिम का काम है। उन्होंने आशा जताई कि जल्द ही आग को काबू कर लिया जाएगा।



बिंदल पेपर मिल पर आग की घटना का जायजा लेने पहुंचे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल।

## अवैध कब्जे कर बनाई मजारों को ध्वस्त करने की मांग

▶ टाउन हाल की मजार पर पोस्टर : यहां पूजा करने ना आएं

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** मुजफ्फरनगर टाउन हॉल में स्थित पुरानी मजार पर लगाए गए पोस्टर में सनातन धर्म के मानने वालों से वहां पूजा पाठ ना करने की अपील सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चर्चा का बाजार गर्म हो गया। इन लोगों ने उत्तराखंड की तरह यूपी में भी अवैध कब्जे कर बनाई गई मजारों को ध्वस्त करने की मांग की। शहर में टाउन हाल के पास स्थित वर्षों पुरानी एक मजार पर कुछ लोगों ने पोस्टर लगाकर सभी सनातनी और हिंदू भाई बहनों से अपील की है कि वह पूजा पाठ करने के लिए मजार पर ना आएं। बल्कि मंदिरों में जाएं। सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मजार से पोस्टर को हटा दिया। मजार पर पोस्टर लगाने वाले राजेश गोयल और उनके साथियों ने पोस्टर पर चारों ओर जय हिंदू राष्ट्र और निवेदक राजेश गोयल लिखा है। उनका कहना है कि सनातन धर्म कभी भी किसी कब्र या मजार की पूजा पाठ करने को उचित नहीं मानता। होली दिवाली यह किसी भी त्योहार पर कोई भी सनातनी पूजा-पाठ या मन्नत मांगने मजार पर न जाए। उन्होंने मांग की कि उत्तराखंड सरकार जिस तरह से अवैध मजारों पर बुलडोजर चला रही उसी तरह प्रदेश में अवैध कब्जे कर बनाई गई मजारों और कब्रों पर बुलडोजर चलाया जाए।

## पहलवानों के मामले पर जल्द पंचायत होगी

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)। पहलवानों के मसले पर सिसौली या सोरम में जल्द ही पंचायत बुलाई जाएगी। सर्वखाप और सर्वसमाज की पंचायत में ही भविष्य की रणनीति तय होगी। इस पर बुधवार को अंतिम फैसला लिया जा सकता है। पहलवानों के प्रकरण में भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने पांच दिन का समय खिलाड़ियों से मांगा है। खाप पंचायतें पहलवानों को इंसाफ दिलाने का काम करेंगी। पहलवानों के सम्मान की लड़ाई लड़ी जाएगी।**

## हादसे में एक की मौत एक गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** बाइक पर हरिद्वार गंगा स्नान के लिये जा रहे युवकों की बाइक स्लिप होकर खम्भे से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मोके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रैफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा प्रांत के पानीपत जनपद के संभालका निवासी सुनील पुत्र बलवीर व मोहित पुत्र सत्यनारायण बाइक पर सवार होकर गंगा स्नान हेतु हरिद्वार जा रहे थे। काली नदी पुल पर उनकी बाइक स्लिप होकर खम्भे से टकरा गई। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां मोहित को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है।

पेट रोग विशेषज्ञ
से परामर्श पाए अब अपने
ईवान अस्पताल में

evan
multi speciality hospital

ईवान हॉस्पिटल
(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)



डॉ. नित्यानंद शर्मा
एमबीबीएस, एमडी, डीएनबी
गैस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट

ओपीडी सेवाएं
1 जून 2023 से
सोमवार से शनिवार
सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक

स्थान :
4th किमी. भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

24/7 CARDIAC SERVICE MO.- 9068995066, 7088002623
आयुष्मान कार्ड धारको का हो रहा मुफ्त इलाज.

MO.: 90689-95066, 70880-02623, 70880-02620

Follow Us On

E-mail : info@evanhealthcare.com | Visit us : www.evanhealthcare.com

evan
multi speciality hospital

मैक्स
हेल्थकेयर

भारत के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श
अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली,
(गाज़ियाबाद) के सौजन्य से



ओ.पी.डी. कार्यक्रम

डॉ. निकुंज अग्रवाल - सीनियर कंसल्टैंट - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट
दिनांक: शुक्रवार, 2 जून 2023 (हर महीने के प्रत्येक शुक्रवार को)

डॉ. चिराग जैन - कंसल्टैंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
दिनांक: मंगलवार, 6 जून 2023 (हर महीने के पहले एवं तीसरे मंगलवार को)

डॉ. गौरव महाजन - डायरेक्टर - कार्डियक सर्जरी
दिनांक: शुक्रवार, 9 जून 2023 (हर महीने के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को)

डॉ. प्रेक्षी चौधरी - सीनियर कंसल्टैंट - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
दिनांक: शनिवार, 10 जून 2023 (हर महीने के दूसरे शनिवार को)

समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
स्थान: इवान हॉस्पिटल, 4 के.एम, भोपा रोड, मुज़फ्फरनगर

डॉ. मनीष वैश्य - सीनियर डायरेक्टर - न्यूरोसर्जरी
दिनांक: बृहस्पतिवार, 1 जून 2023 (हर महीने के पहले एवं तीसरे बृहस्पतिवार को)

डॉ. दीपांशु नरूला - कंसल्टैंट - न्यूरोसर्जरी
दिनांक: बृहस्पतिवार, 8 जून 2023 (हर महीने के दूसरे एवं चौथे बृहस्पतिवार को)

समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
स्थान: रामा कृष्ण अस्पताल, बालाजी चौक, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 8218 149 646, 9068 995 066

www.maxhealthcare.in

**शुकतीर्थ में धर्म की बयार...** ज्येष्ठ दशहरा पर्व पर गंगा स्नान के लिए तीर्थनगरी में उमड़े लाखों लोग, श्रद्धालुओं ने मां गंगा की पूजा अर्चना के बाद किया स्नान

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी





फोटो बुलेटिन शुकतीर्थ में गंगा स्नान को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

### गंगा में तैनात रहा पीएसी बल...

**भोपा।** गंगा में स्नान करने वालों की सुरक्षा के लिये पीएसी बल मोटरबोट के साथ तैनात रहा तथा श्रद्धालुओं को गहरे पानी में स्नान न करने की सलाह दी गयी। गंगा घाट पर खोया-पाया केंद्र की स्थापना भी की गयी। वहीं अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी जानसठ सहित अन्य अधिकारी शुकतीर्थ में मौजूद रहे।

### सुरक्षा और व्यवस्था के लिए गंगा घाट पर जुटे रहे पुलिस व प्रशासनिक अफसर

**भोपा, 30 मई (बु.)।** ज्येष्ठ दशहरा के पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने मंगलवार की सुबह शुकतीर्थ में गंगा स्नान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की ओर से मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से अनेक व्यवस्थाएं की गयी। श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी में स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की तथा दान कर भण्डारे का आयोजन किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्राचीन तीर्थस्थल शुकतीर्थ में मंगलवार की सुबह लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा मैया में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे, जय-जय गंगे के जयघोष के साथ माँ गंगा की पूजा अर्चना कर अनुष्ठान संपन्न कराया तथा अन्न, वस्त्र आदि का दान किया। सोमवार की देर शाम से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों के द्वारा शुकतीर्थ पहुँचनी शुरू हो गयी थी। आधी रात को शुकतीर्थ जाने वाले सभी मार्गों पर वाहनों का काफिला उमड़ आया। श्रद्धालुओं ने विभिन्न आश्रमों, धर्मशालाओं में प्रवास किया, जहाँ भंडारे का आयोजन किया गया। महिलाओं व बच्चों ने मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी की तथा चाट पकौड़ी के व्यंजनों का आनन्द लिया। तीर्थ के प्रसिद्ध शुकदेव आश्रम में प्राचीन वट वृक्ष की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने मनोकामना सिद्धि के लिये धागे बांधे तथा दिव्य तोते के जोड़े के दर्शन किये। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर अजर अमर हुए वट वृक्ष की बड़ी महत्ता है। इसी वट वृक्ष के नीचे शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भगवत कथा सुनाई थी। श्रद्धालुओं ने शुकदेव मन्दिर के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। इसके अलावा हनुमत धाम, गणेश धाम, पूर्णागिरि आश्रम, शिव धाम, दुर्गा धाम, पीताम्बरा धाम, तिलकधारी आश्रम, महेश्वर आश्रम, शनि धाम, दण्डी आश्रम आदि आश्रमों में मन्दिरों के दर्शन कर साधु-संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। गंगा घाट पर बच्चों का मुण्डन धार्मिक परम्पराओं के साथ कराया। श्रद्धालुओं द्वारा विशेष अनुष्ठान भी सम्पन्न कराये गये, भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने गंगा में मोटरबोट में बैठकर गंगा सोलानी के संगम तक सैर की। सोमवार की रात ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों के द्वारा श्रद्धालुओं ने तीर्थनगरी में प्रवेश किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये मोरना से बहुपुरा-फिरोजपुर मार्ग पर वाहनों को डायवर्ट किया गया था तथा शुकतीर्थ से पहले बैरियर लगाकर वाहनों को पार्क किया था। तीर्थनगरी के मुख्य मार्गों पर बैरियर व पुलिस तैनात कर भीड़ को यातायात को नियंत्रित किया गया। मंगलवार को लौटते समय श्रद्धालुओं के वाहनों का बड़ा काफिला मोरना से गुजरा तो जाम की स्थिति बन गयी, जिसे पुलिस द्वारा नियंत्रित किया गया।



फोटो बुलेटिन गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर तीर्थनगरी शुकतीर्थ में गंगा घाट पर स्नान के लिए जुटी लोगों की भीड़ का विहंगम दृश्य।



## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास



**249 वर्ष पूर्व भारत में पहला डाक सेवा के लिए आफिस खुला**

**नई दिल्ली, 30 मई (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 31 मई की प्रमुख घटनाएँ इस प्रकार हैं:- 1577-मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां का जन्म। 1727-फ्रांस, ब्रिटेन तथा नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किए। 1759-अमेरिका के पेंसिलवेनिया प्रांत में थियेटर के सभी कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया गया। 1774-भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया। 1867-बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई। 1878-जर्मनी के युद्धपोत एसएमएस ग्रोसर करफर्स्ट के डूबने से 284 लोगों की मौत। 1889-अमेरिका में पेंसिलवेनिया प्रांत के जांसटाउन में भीषण बाढ़ से 2200 से अधिक लोगों की मौत। 1900-लार्ड राबर्टस के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने जोहान्सबर्ग पर कब्जा किया। 1907-अमेरिका के न्यूयार्क शहर में पहली टैक्सी सेवा शुरू। 1921-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया। 1935-पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भीषण भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत। 1959-बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई। 1977-भारतीय सेना के एक दल ने पहली बार दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की। 1996-बेंजामिन नेतान्याहू इजरायल के प्रधानमंत्री बने। 1999-कृष्ण प्रसाद भट्टराई ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। 2008-धावक उसैन बोल्ट ने 100 मीटर दौड़ 9.72 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकार्ड बनाया। 2009-अंग्रेजी और मलयालम की प्रसिद्ध लेखिका कमला दास का निधन। 2010-भारत में प्राइवेट स्कूल में गरीब बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का कानून बनाया गया। 2020-अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एवं कोच जयंती लाल का निधन।

# एसडी पब्लिक स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी एसडीपीएस मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के अन्तर्गत सात विद्यालयों के 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करके अपने-वाचन-कौशल, बौद्धिक क्षमता, शोध एवं समन्वय-शक्ति का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य बीपी सिंह, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना, प्रधानाचार्या अनीता दत्ता, उप प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, इंचार्ज रेनू गोयल, गीता मित्तल, शशीकांत शर्मा, नूपुर गुप्ता, एफएस खान व पुनीता भंडारी ने किया। छात्र प्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित विषयों पर भाषण अभिव्यक्ति की। विभिन्न समितियों में औपचारिक व अनौपचारिक सभाओं के अन्तर्गत नियत मुद्दों पर परिचर्चा एवं गर्मागर्म बहस हुई। आर्थिक एवं सामाजिक परिषद में किशोर दुर्व्यवहार व युवा अपराध के जिम्मेदार कारकों पर विचार किया गया एवं छात्र प्रतिनिधियों ने समाधान भी सुझाये। सहमति बनी कि सभी देश अपने यहाँ अल्पसंख्यकों के मानवाधिकार सुनिश्चित करें। सुरक्षा परिषद में साइबर युद्ध की आशंका के चलते साइबर अपराध एवं साइबर आतंकवाद के विषय में विमर्श हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अन्तर्गत एपिडेमिक एवं कोविड-19 जैसी महामारी के विभिन्न रूपों से लड़ने की तैयारी पर गौर किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा सभी समितियों के अध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया और सहयोग की सराहना भी की। विविध समितियों से 3-3 सर्वोत्तम छात्र प्रतिनिधियों को चयनित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। समितियों के निर्णायक-मंडल को ट्रॉफी प्रदान की गयी तथा सभी प्रतिभागी छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि बीपी सिंह ने एसडीपीएस मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन के समन्वयक प्रवक्ता एफएस खान एवं पुनीता भंडारी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज विश्व साइबर-अपराध, जलवायु परिवर्तन एवं मानवाधिकार की समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। जिस प्रकार आप लोगों ने मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन के आयोजन में संयुक्त राष्ट्र को केन्द्रित किया है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। सहाना जैन, सोनल मल्होत्रा, सुनीता शाह, शिवानी कश्यप, अनुपमा वार्ष्णेय, रितेष कुमार, सुप्रीत कौर, प्रियंका सचदेवा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन नुपूर गोयल, चारू वर्मा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।



फोटो बुलेटिन अंतर्विद्यालयी कार्यक्रम में सम्मानित छात्रा तथा उपस्थित शिक्षकगण।

# मोरना-जानसठ मार्ग पर यात्री बस व ट्रक की भिड़न्त में महिला घायल



**भोपा, 30 मई (बु.)।** मोरना-जानसठ मार्ग पर यात्री बस व ट्रक की टक्कर हो गयी तथा एक पिकअप वाहन भी चपेट में आ गया। इस दौरान बस में सवार एक महिला घायल हो गयी। घायल को मोरना पीएचसी पर ले जाया गया। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव चौरावाला में जानसठ मार्ग पर बस व ट्रक की भिड़न्त हो गयी। इसी दौरान एक पिकअप वाहन भी बस से टकरा गया। भिड़न्त से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। बस में सवार महिला कविता पत्नी पालेराम निवासी गाँव सठेडी थाना रतनपुरी घायल हो गयी। घायल को उपचार के लिये मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। सड़क पर जाम की स्थिति रही।

### आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 31 मई, 2023**

**मेष-** व्यावसायिक प्रगति, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, मांगलिक आयोजन सम्पादित, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौज-मस्ती के व्यय, धार्मिक यात्रा।

**वृषभ-** मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, आय के नवीन स्रोत, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, आमोद-प्रमोद के साधन।

**मिथुन-** आज सायं 6/30 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।

**कर्क-** आज सायं 6/30 बजे तक समय शुभ, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, घरेलू वातावरण सुखद, शेष समय में आर्थिक पक्ष से असंतोष।

**सिंह-** आर्थिक क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित, धर्म में रुचि, शुभ समाचार से घरेलू वातावरण सुखद, मौज-मस्ती में अधिक व्यय।

**कन्या-** प्रियजनों के माध्यम से समस्या का समाधान, राजनीतिक कृत्यों में रुझान, वैवाहिक जीवन में सुख-शांति, कठिनाइयों का निवारण, यात्रा संतोषजनक।

**तुला-** आज सायं 6/30 बजे तक प्रतिकूलता, स्वास्थ्य विपरीत, बात-बात पर क्रोध, यात्रा निष्फल, शेष समय में बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, प्रतियोगिता में सफलता।

**वृश्चिक-** आज सायं 6/30 बजे तक अभिलाषा की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, आत्मिक शांति, शेष समय में इच्छित कार्यों में अड़चनें, दाम्पत्य तनाव, गलतफहमी के शिकार।

**धनु-** कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम, सलाह से कामयाबी, उत्तरदायित्व का निर्वाह।

**मकर-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, प्रतियोगिता में सफलता, विरोधी असफल, आपसी गलतफहमियाँ दूर, यात्रा सुखद।

**कुम्भ-** आज सायं 6/30 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असंतोष, विचारों में उग्रता, शेष समय में नवयोजना दृष्टिगत, मांगलिक आयोजन सम्पादित।

**मीन-** आज सायं 6/30 बजे तक व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, संतान पक्ष का उत्कर्ष, धन लाभ, शेष समय विपरीत, दूसरों की भूल से स्वंय की हानि, विश्वासघात हानि की अधिक आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# एसडी कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में वित्तीय साक्षरता फॉर यूथ वर्कशॉप

### विद्यार्थियों को दी सेबी और पूंजी निवेश के सम्बंध में विस्तृत जानकारी

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** एसडी कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में एनआईएसएम के अन्तर्गत आइकन एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बीबीए विभाग के छात्र-छात्राओं के लिये वित्तीय साक्षरता फॉर यूथ विषय पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कार्यशाला प्रभारी प्रमोद चौधरी, वरिष्ठ फैकल्टी मोरिश कुमार व कॉलेज प्राचार्य डा. संदीप मित्तल, विभागीय प्रमुख राजीव पाल सिंह व डा. संजीव तायल ने किया।

प्रमोद चौधरी ने बताया कि इस कार्यशाला में बीबीए अन्तिम वर्ष के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सेबी की कार्यप्रणाली एवं बाजारों मे पूँजी निवेश के महत्व को समझाना था। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रमोद चौधरी ने स्पष्ट करते हुए बताया कि वर्तमान में बैंकिंग कार्यों में जितना डिजिटलाइजेशन बढ़ रहा है। जानकारी के अभाव में इससे संबंधित धोखाधड़ी और क्राइम भी बढ़ रहे हैं, इससे बचने के लिए जरूरी है कि अनजान कॉल, अनजान ऐप, लिंक का प्रयोग नहीं करें। वरिष्ठ फैकलटी मोरिश कुमार ने बचत, निवेश और जोखिम पर जानकारी देते हुए कहा कि युवा छोटी-छोटी बचत जितना शीघ्र शुरू कर देंगे। उतना ही बेहतर भविष्य बना सकेंगे। प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने सेबी के बारे में बताया। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन कोर्डिनेटर प्रवक्ता मौ. अन्जर ने सफलतापूर्वक किया। डा. आलोक कुमार गुप्ता जी ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में बीबीए विभाग से डा. संजीव तायल, डा. संगीता गुप्ता, डा. अक्षय जैन, डा. अन्नत गर्ग, दीपक गर्ग, प्राची गर्ग, पूर्वी संगल, सोनिका, ऋतु गुप्ता, राहुल शर्मा, सतीश, अमित एवं उमेश मलिक आदि समस्त शिक्षक व स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम में अपना विशेष सहयोग दिया।

### टैक्सेशन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने नीरज कुमार

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन की मंगलवार को वार्षिक आम सभा अंसारी रोड़ स्थित एक रेस्टोरेंट पर संपन्न हुई जिसमें जेके जैन एडवोकेट बतौर चुनाव अधिकारी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान संघ के वार्षिक चुनाव में नीरज कुमार एडवोकेट को एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित होने के बाद में बार के पैटर्न प्रेम प्रकाश द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष नीरज कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में प्रदीप शर्मा एडवोकेट उपाध्यक्ष, प्रशांत सक्सेना एडवोकेट महासचिव, परवेज आलम एडवोकेट सचिव, सुमित मित्तल एडवोकेट सचिव वित्त एवं राजकुमार गुप्ता एड, प्रवीण कुमार एड, विकास शर्मा एड, रामधन सिंह एड, मयंक अग्रवाल एडवोकेट कार्यकारिणी समिति के सदस्य निर्वाचित हुए। कार्यक्र के अंत में महासचिव प्रशांत सक्सेना एडवोकेट द्वारा सबका धन्यवाद किया गया। सभा में मुख्य रूप से संदीप गर्ग एड, मुनीश शर्मा एड, भोजराज अरोरा एडवोकेट सलाहकार व आशीष अग्रवाल एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जिले में 4610 दिव्यांग बच्चों को दी जाएगी विशेष शिक्षा

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी जो सामान्य बच्चों की तरह स्कूल नहीं जा सकते, उन्हें अब योगी सरकार की पहल पर घर पर शिक्षा की सुविधा बेसिक शिक्षा विभाग देने जा रहा है। उनका पंजीयन निकट के परिषदीय विद्यालय में कराया जाएगा, लेकिन पठन-पाठन की व्यवस्था घर पर ही रहेगी। उन्हें सहायक उपकरण व स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बेसिक शिक्षा विभाग ने समर्थ एप के माध्यम से जनपद में सभी 951 विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग करने के साथ डेटा अपडेट किया। विभाग की पहल पर शुरू की गई इस व्यवस्था से दिव्यांग बच्चों को चिह्नित किया गया, जिनकी जनपद में संख्या 4610 दिव्यांग है। विभाग ने दावा किया है कि सभी दिव्यांग बच्चों के लिए अब स्पेशल एजुकेटर के माध्यम से विशेष क्लास दी जाएगी। इसके साथ इनके प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। इसके साथ सभी दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित करने के लिए भी दो कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने पर विद्यालय खुलने के बाद फिर से इन दिव्यांग बच्चों को चिह्नित किए जाने का काम तेज किया जाएगा। योगी सरकार की पहल पर अब जनपद में बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल क्लास शुरू किए जाने की योजना धरातल पर है। विभागीय अधिकारियों ने इसके लिए सर्वे कर लिया है। हालांकि इस योजना में प्रमुख कड़ी माने जाने वाले एजुकेटर की कमी है। वैसे तो 20 दिव्यांग बच्चों के लिए एक स्पेशल एजुकेटर होना चाहिए, लेकिन पूरे जिले में केवल 18 स्पेशल एजुकेटर हैं। इनकी पूर्ति के बाद योजना धरातल पर लागू हो सकेगी, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। सरकार की ओर से शुरू इस योजना के तहत गंभीर और बहु विकलांगता के कारण जो बच्चे स्कूल नहीं आ सकते हैं उन्हें भी शिक्षा से जोड़ने का प्रयास है।

ऐसे में सभी बच्चों को लकड़ी व प्लास्टिक मॉडल, विभिन्न प्रकार के खूंटी बोर्ड, डॉक्टर सेट, विभिन्न सचित्र चार्ट, गिनती फ्रेम, बिल्डिंग ब्लॉक, संवेदी फ्लैश कार्ड आदि दिए जाने के लिए 3.56 करोड़ का बजट सरकार ने जारी हो चुका है। बीएसए शुभम शुक्ला ने बताया कि हाउस होल्ड सर्वे के माध्यम से हर साल 14 वर्ष तक के विशेष जरुरत वाले बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें गृह आधारित शिक्षा कार्यक्रम के तहत सुविधाएं शिक्षा विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाती हैं। सार्थक एप पर उनका विवरण अपडेट किया जाएगा। जो बच्चे गृह आधारित शिक्षा में नहीं आए, उन्हें स्कूल में सहायक उपकरण दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के कुल 951 विद्यालयों में 4610 दिव्यांग चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है।

### बेहड़ा सादात मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोपा, 30 मई (बु.)।** बच्चों में कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मारपीट में एक युवक व वृद्ध घायल हो गये थे, जिसमें वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर चार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा सादात निवासी संजय पुत्र स्वराज ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बच्चों के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद पड़ोस के ही चार-पांच व्यक्तियों ने लाठी, डंडे व हॉकी से उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया था तथा आरोपी संजय के पिता 55 वर्षीय स्वराज को धक्का देकर मौके से फरार हो गये थे। स्वराज को बेगराजपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थानाध्यक्ष सुनील कसाना ने बताया कि मृतक के पुत्र संजय की तहरीर के आधार पर ग्राम बेहड़ा सादात निवासी आकाश, सतीश, बॉबी व अंशुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## किसान पर फावड़े से जानलेवा हमला, पुलिस ने फावड़े सहित पकड़ा हमलावर

**चरथावल, 30 मई (बु.)।** ग्राम कसौली में खेत में काम करते समय एक किसान के ऊपर एक व्यक्ति द्वारा फावड़े से हमला कर रूप से घायल कर दिया गया, जिससे किसान घायल हो गया। घायल किसान का पुलिस ने उपचार कराते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए जानलेवा हमले के आरोपी को 24 घंटे के अंदर फावड़े सहित गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कसौली निवासी ओमपाल सिंह पुत्र सौराज सिंह अपने खेत मे कार्य कर रहा था। खेत में कार्य करते समय ऋषिराम ने ओमपाल के ऊपर फावड़े से हमला से किसान ओमपाल को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल किसान को उपचार हेतु गंभीर हालत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया, वहीं चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अरुण कुमार तेवतिया ने हेड कांस्टेबल अजीत सिंह के साथ मिलकर किसान पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी ऋषिराम पुत्र राजबल निवासी कसौली को घर से ही फावड़े के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

### शराब के 45 पव्वे बरामद, आरोपी जेल भेजा

**बुढ़ाना, 30 मई (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के 45 पव्वों के साथ एक युवक को दबोचकर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने मंगलवार के दिन अपने हमराह कांस्टेबल प्रशांत यादव और कांस्टेबल पवन कुमार के सहयोग से गश्त करने के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को बसी तिराहे से पकड़ लिया, जिसके पास से पुलिस ने तोहफा मार्का की अवैध शराब के 45 पव्वे बरामद किए। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम शहजाद मंसूरी पुत्र साबिर निवासी मौहल्ला काजीवाड़ा कस्बा बुढ़ाना बताया है। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

# धनगर समाज ने वीरांगना रानी अहिल्याबाई को किया नमन, सामाजिक एकजुटता पर दिया बल



फोटो बुलेटिन धनगर धर्मशाला में अहिल्याबाई जयंती कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोग एवं पदाधिकारी।

**भोपा, 30 मई (बु.)।** वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर जयन्ती की पूर्व सँध्या पर धनगर समाज द्वारा नमन किया गया। साथ ही सामाजिक एकजुटता पर बल दिया गया। शुकतीर्थ में स्थित धनगर धर्मशाला में धनगर समाज सेवा समिति द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमेंअहिल्याबाई होल्कर के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गयी। अहिल्याबाई के बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया गया। समिति के अध्यक्ष रमेशचन्द पाल ने कहा कि धनगर समाज को एकजुट व जागृत होकर सामाजिक कार्यों में भाग लेना है। सामाजिक चेतना के माध्यम से युवा पीढ़ी को उचित दिशा प्रदान करनी है। युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा। डॉ. ओमपाल सिंह बेलड़ा ने कहा कि देवी स्वरूप महारानी अहिल्याबाई ने प्राचीन हिन्दू संस्कृति का प्रचार भारत वर्ष में किया। अनेक मन्दिरों का पुनरोद्धार किया तथा दुखियों की मदद की व न्याय प्रदान किया। अहिल्याबाई का जीवन सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से बालेश्वरदास पाल मोरना, रविन्द्र कुमार, जसवीर सिंह, शिवकुमार, बिट्टू तिसँग, भाजपा मंडल महामन्त्री अरुण पाल, पप्पू, मा.संजय, कालूराम पाल, प्रीतम सिंह, धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

### एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज की 87 छात्राओं को दिए टेबलेट

**बुढ़ाना, 30 मई (बु.)।** कस्बे के एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज में शासन की योजना के अंतर्गत एम.एससी. होम साइंस फूड एंड न्यूट्रीशन, एमएससी होम साइंस क्लोथिंग एंड टेक्सटाइल्स एमकॉम, एमए अंग्रेजी, एमए समाजशास्त्र, एमए होम साइंस व एमए ड्राइंग एंड पेंटिंग में अध्ययनरत अंतिम वर्ष की कुल 87 छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी मास्टर प्रेमचंद शर्मा ने की। मुख्य अतिथि सीओ विनय गौतम और अति विशिष्ट अतिथि बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन राकेश कुमार शर्मा ने किया। एमएससी होम साइंस की छात्रा इरम चौधरी, छवि और मानसी मित्तल ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मास्टर प्रेमचंद शर्मा से छात्राओं ने आशीर्वाद लिया। इस दौरान अतिथियों ने कॉलेज संचालकों की प्रशंसा की। सीओ विनय गौतम ने समस्त छात्राओं को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए उक्त टैबलेट का सही उपयोग करने के टिप्स बताए। बुढ़ाना कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर बताए तथा साईबर क्राइम से बचने के तरीके सिखाए। कार्यक्रम में समस्त कॉलेज स्टाफ में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रियंका त्यागी, शिखा वत्स, किरण, अंजू, मंजू त्यागी और सचिन कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने किया मुर्गी पालन फार्म हाउस का दौरा



फोटो बुलेटिन सिखेड़ा स्थित मुर्गी पालन फार्म में मुर्गियों की जानकारी जुटाती श्रीराम कॉलेज की छात्राएं।

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** श्री राम गर्ल्स कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग के बीएससी (होम साइंस) के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने अपने विषय एप्लाइड लाइफ साइंस से संबंधित मुर्गी पालन के संबंध में मुर्गी पालन फार्म हाउस मंसूरपूर रोड निकट वेदान्ता स्कूल सिखेड़ा गंगा का भ्रमण किया।

मुर्गी फार्म हाउस के केयर टेकर रौजर अब्बास जैदी ने 7 बीघा क्षेत्र में स्थित फार्म पर सभी का स्वागत किया। छात्राओं ने मुर्गी पालनफार्म हाउस से सम्बन्धित बहुत सारी जानकारी प्राप्त की। मुर्गियो की अलग-अलग प्रजातियों के बारे में जानना, मुर्गियों के खाने और उनको रखने से सम्बन्धित जानकारी जुटाई। जैदी ने छात्राओं को बताया कि उनके यहाँ पर कोब प्रजाति की मुर्गियो का पालन किया जाता है, जिनमें चूजों की संख्या 43 तथा बड़ी मुर्गियो की संख्या 7 है। साथ ही उन्होंने बताया कि वह अपनी मुर्गियों को खाने में मकई कैल्शियम देते हैं तथा पीने के पानी में उन्हे सुगी सीएल टेबलेट डालकर देते हैं। साथ ही उन्होंने यह बताया कि मुर्गी पालन हेतु मुर्गी फार्म हाउस का तापमान मुर्गी की आयु के हिसाब से अलग अलग होता है। तापमान सामान्य रखने के लिए नकली बारिश की जाती है और हवा के लिए एयर फेन भी चलाया जाता है। उन्होंने छात्राओं को मुर्गियों में फैलने वाली विभिन्न बीमारियों के विषय में भी बताया। श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की डीन डॉ. श्वेता राठी, प्रवक्ता रूबी पोसवाल, ईशा अरोरा, अलीना, सोफिया, पायल, काजल मावी, एवं आयशा गौर सभी प्रवक्ताओं ने छात्राओं का पूर्ण सहयोग किया।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# आईपीएल के महानायक

आईपीएल 2023 में नायक तो बहुत रहे, मगर महानायक भी कम नहीं रहे। फाइनल में 2 गेंद पर 10 रन बनाकर चेन्नई सुपर किंग्स को चैम्पियन बनाने वाले जड़ेजा की गिनती आईपीएल के महानायकों ही में हो रही है। इसी फाइनल में महेन्द्र सिंह धोनी क्रीज पर आए और अपना कैच थमाकर लौट गए, यानी महेन्द्र सिंह धोनी शून्य पर आउट हो गए, लेकिन महेन्द्र सिंह धोनी फिर भी महानायक ही हैं। इस पूरे टूर्नामेंट में अगर सबसे ज्यादा सुर्खियां किसी एक खिलाड़ी ने बटोरी, तो वो धोनी ही थे। लेकिन, महामुकाबले में जब दर्शक धोनी से आखिरी ओवर या आखिरी गेंद में छक्का लगाकर मैच जिताने के करिश्मे के बारे में सोच ही रहे थे, तभी धोनी शून्य पर आउट होकर वापस लौट गए। अगर वास्तव में ये मैच धोनी का आखिरी मैच साबित होता है, तो सर डॉन ब्रैडमैन की तरह धोनी भी अपने आखिरी मैच में शून्य पर आउट हुए होने वाले बन जाएँगे। रवींद्र जडेजा के बारे में भी ये कहा जा रहा था कि बल्लेबाज के तौर पर वो टी-20 में उतने प्रभावशाली नहीं रहे। लेकिन उन्होंने फाइनल के आखिरी ओवर में या यूँ कहें कि आखिरी दो गेंदों पर दिखाया कि उन्हें हमेशा सबसे जुझारू खिलाड़ियों में से एक के तौर पर क्यों याद किया जाएगा। धोनी ही की टीम के आजिंक्य रहाणे का एक शानदार हिटर के तौर पर नया रूप आईपीएल 2023 में देखने को मिला। फाइनल में भी एक छोटी लेकिन बेहद उपयोगी और तेज-तर्रार पारी खेलने वाले रहाणे ने आईपीएल के प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए टीम इंडिया में वापसी की और ये हमेशा एक मिसाल के तौर पर याद रखा जाएगा। इस टूर्नामेंट के महानायकों में गिल का नाम भी है। गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल ने 17 मैचों में 890 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। डुप्लेसी ने 730 रन, डेवन कॉन्वे ने 672 रन, विराट कोहली ने 639 रन और यशस्वी जायसवाल ने 625 रन बनाए। ये सब महानायक हैं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक 36 छक्के डुप्लेसी और सबसे अधिक 84 चौके शुभमन गिल ने लगाए। गुजरात टाइटंस के मोहम्मद शमी ने 17 मैचों में 28 विकेट लिए और पर्पल कैप जीती। मोहित शर्मा ने 27 विकेट, राशिद खान ने 27 विकेट, पीयूष चावला ने 22 विकेट और युजवेंद्र चहल ने 21 विकेट लिए। पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक 193 डॉट बॉल मोहम्मद शमी ने फेंकीं। गुजरात के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा भले ही आखिरी ओवर की चुनौती में नाकाम हुए, लेकिन इस साल उनकी क्रिकेट के मैदान पर वापसी शायद सबसे प्रेरणादायी कहानी रही। एक गेंदबाज जो टीम इंडिया के लिए 2015 वर्ल्ड कप में एक कामयाब गेंदबाज के तौर पर खेल चुका था, उन्हें पिछले कुछ सालों में आईपीएल में कोई पूछने वाला नहीं था। आलम ये रहा कि गुजरात के कोच आशीष नेहरा ने उन्हें बतौर नेट गेंदबाज पिछले साल टीम में शामिल किया और इस साल वो टूर्नामेंट के सबसे कामयाब गेंदबाजों में से एक रहे। मोहम्मद शमी ने आईपीएल 2023 में एक नई मिसाल रखी। शमी ने दिखाया कि आप टेस्ट मैच वाली लाइन-लेंथ और आक्रामक गेंदबाजी को टी 20 फॉर्मेट में भी दोहरा सकते हैं। शमी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी भी रहें, लेकिन जिस तरीके से उन्होंने आईपीएल में अपना लोहा मनवाया, वो भी आने वाले कई सालों तक फैंस के जेहन में कैद रहेगा। यशस्वी जायसवाल से ज्यादा रन गिल, डुप्लेसी और कोहली ने जरूर बनाए, लेकिन उनसे बेहतर स्ट्राइक रेट नहीं रहा। जायसवाल ने वही किया, जो सरफराज खान या पिर पृथ्वी शॉ जैसे बल्लेबाजों को करना चाहिए। घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने के बाद अगर आप आईपीएल के चकाचौंध और दबाव वाले लम्हें में भी अपने बल्ले का जोर दिखाने में कामयाब होते हैं, तो दुनिया आपके कदमों में हो सकती है। जायसवाल ही की तरह अगर आईपीएल में धूम मचाने वाला एक और घरेलू खिलाड़ी जो बहुत जल्द टीम इंडिया की टी 20 टीम में दिख सकता है, तो वो निश्चित तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ही होंगे। रिंकू चाहे आने वाले साल में कितनी ही अच्छी पारियाँ खेलें, लेकिन उनकी पहचान लंबे समय तक आखिरी ओवर में पाँच छक्के लगाने वाले बल्लेबाज के तौर पर ही रहेगी। गुजरात टाइटंस के युवा गेंदबाज यश दयाल के एक ओवर में 5 छक्के लगाकर रिंकू ने हर किसी को हतप्रभ कर दिया। कोलकाता के लिए 14 मैचों में 474 रन बनाने वाले रिंकू का औसत करीब 60 का रहा और स्ट्राइक रेट भी करीब 150 रही। भारतीय क्रिकेट में युवराज सिंह और सुरेश रैना के पराक्रम का दौर खत्म होने के बाद से मिडिल ऑर्डर में सफेद गेंद की क्रिकेट में बाएँ हाथ के एक ताबड़तोड़ बल्लेबाज की अदद तलाश चल रही थी, जो शायद रिंकू ने अब आईपीएल 2023 के बाद खत्म कर दी हो। मुंबई इंडियंस की टीम भले ही फाइनल तक न पहुँच पाई, लेकिन जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाजों के नहीं होने के बावजूद भी प्ले-ऑफ में पहुँची, तो इसका बहुत हद तक श्रेय अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला को जाता है। कितनी दिलचस्प बात है कि पिछले साल चावला को किसी भी फ्रैंचाइजी ने हाथ नहीं लगाया था और वो कमेंटेटर की भूमिका में नजर आ रहे थे, लेकिन इस बार चावला ने 14 मैचों में 22 विकेट लेकर दिखाया कि उन्होंने लेग स्पिनर के तौर पर अपना हुनर नहीं खोया है। यूँ तो आईपीएल के हाई-वोल्टेज फाइनल में खेलना दुनिया के हर खिलाड़ी का सपना होता है, लेकिन अगर आयरलैंड के जोश लिटिल को ये बात किसी ने कुछ महीने पहले बताई होती कि कभी वो आईपीएल का फाइनल खेलेंगे, तो शायद उन्हें भी यकीन नहीं होता लेकिन, ऐसा हुआ और एक बार फिर आईपीएल ने ये साबित किया कि क्रिकेट को और ज्यादा प्रजातांत्रिक बनाने में उसका योगदान भी किसी से कम नहीं। आईपीएल का सबसे भावुक लम्हा रहा कप्तान हार्दिक पंड्या का हार की निराशा के बावजूद अपने तेज गेंदबाज मोहित शर्मा को गले लगाना और उन्हें सांत्वना देना। पंड्या ने उस लम्हें में भी ये याद रखा कि जीत और हार से बड़ा होता है खेल। पंड्या की यही गंभीरता और समझदारी उन्हें एमएस धोनी का असली उत्तराधिकारी बना सकती है। इन सभी को महानायक कहा जाएगा।

## शाहपुर में प्रेस क्लब के बैनर तले हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**शाहपुर, 30 मई (बु.)।** नगर के पत्रकारों ने आज प्रेस क्लब ऑफ शाहपुर के तत्वाधान में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। नगर के नवन विद्या मंदिर स्कूल में आज हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारिता के पुरोधा श्रद्धेय गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। गोष्ठी में बोलते हुए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी ने कहा कि यदि मीडिया ना होती तो पूर्व सरकारों के घोटालों का पदार्फाश ना होता। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का अभिन्न अंग हैं। समाज के को जोड़ने का काम भी करता है, तो वह समाज को आईना भी दिखाता है। उन्होंने पत्रकारों से साफ स्वच्छ पत्रकारिता करने पर बल दिया। वरिष्ठ सपा नेता डॉ. ओमपाल सैनी ने कहा कि पत्रकार ही शासन प्रशासन और समाज के बीच की कड़ी है, जो सेतु का काम करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को एकजुट होने वाली खबर प्रकाशित करें। जमीयत उलेमा के प्रदेश सचिव हाजी शाहिद त्यागी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस पर वह नगर के पत्रकारों को बधाई देने के साथ-साथ यह भी कहना चाहेंगे कि पत्रकारों के ऊपर समाज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। वह इस तरह की कोई भी खबर ना दें, जिससे समाज में भी बिखराव आता हो। एक गलत खबर पूरे समाज को तोड़ देती है। प्रेस क्लब ऑफ शाहपुर के संयोजक डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि अन्य जनपदों के मुकाबले जनपद मुजफ्फरनगर और मुजफ्फरनगर में शाहपुर नगर की पत्रकारिता श्रेष्ठ पत्रकारिता है। यहां के पत्रकार पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी करते हैं। प्रेस क्लब शाहपुर के अध्यक्ष सचिन सिंघल ने कहा कि पत्रकारों को अपनी सोच लिखने से समाज को दशा और दिशा देनी चाहिए और अपने कंधे पर रखी जिम्मेदारी को बखूबी निभाना चाहिए। पत्रकारों की समाज के प्रति जवाबदेही है। कार्यक्रम में हाजी मुरसलीन राईन प्रधान, अनिल बंसल आडती, मणिकांत मित्तल पूर्व सभासद, सोनू सैनी सभासद, मनोज सैनी सभासद, विशाल कर्णवाल, विशाल गर्ग सभासद, दिनेश पाल, नौशाद मलिक, नवदीप मित्तल, भाग्य शर्मा, सचिन धवन, पुर्व चेयरमैन राजेश सिंहल, मदन लाल जैन, गुड व्यापार संघ के अध्यक्ष पवन गोयल, चौधरी चंद्रवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### बाग ठेकेदार से छीनी बाइक

**छपार, 30 मई (बु.)।** रात में अज्ञात बदमाशों ने बाग ठेकेदार से मारपीट कर बाइक छीन ली। पुलिस ने बदमाशों की तलाश में घंटों जंगल में कांबिग की। बरला निवासी आरिफ ने बसेड़ा मार्ग पर आम के बाग की फसल ठेके पर ले रखी है। आरिफ के अनुसार सोमवार रात साढ़े दस बजे बाइक से गांव वापस लौट रहा था। बीच रास्ते में दो बदमाश खड़े थे। बदमाशों ने पीड़ित को रुकने का इशारा किया। आरिफ के नहीं रुकने पर बदमाशों ने उसके सिर में डंडा मार दिया। बाइक सहित नीचे गिर जाने से दोनों बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने अज्ञात में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# दिल्ली में हुई युवती की हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

## -विश्व हिन्दू महासभा ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** विश्व हिन्दू महासंघ के बैनर तले मंगलवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर, दिल्ली की घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए दोषी पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस बीच जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। मंगलवार को विश्व हिन्दू महासंघ के बैनर तले दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुषों व युवाओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर न्याय की मांग की। जिला प्रभारी बंटी चौधरी व जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में इन कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में हुई हिन्दू युवती साक्षी की जघन्य हत्या के मामले में जेहादी मानसिकता वाले युवक को फांसी दिलाए जाने की पैरवी के साथ इस घटना की जांच कराए जाने की मांग की, ताकि इससे जुड़े ग्रुप को चिन्हित किए जाने के साथ ही अन्य लोगों को पकड़ा जा सके। डीएम दफ्तर पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जेहादी युवक के मोबाइल की जांच कराने की मांग की, जिससे इस मामले से



जुड़े ग्रुप और उनके द्वारा जोड़े नेटवर्क की पहचान की जा सके। हिन्दू संगठन ने इस बीच आशंका व्यक्त की कि हो सकता है इस ग्रुप के कब्जे में अन्य लड़कियां भी हो, जिन्हें इस मामले की जांच के बाद ही राहत मिल सकेगी। इसके साथ युवक की संपत्ति की जांच कराए जाने की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से राजीव धीमान, प्रतीक गोस्वामी, सुबोध शर्मा, विनोद गर्ग, अतुल अग्रवाल, शुभम, हर्ष शर्मा, राजकुमार, पूनम गोस्वामी, प्रिंस, संजीता, गीता मलिक, मधु, अमन, अनिता, मीनू, धर्मवीर, वासु आदि मौजूद रहे।

# लायन्स क्लब उन्नति ने लगाया अपना घर आश्रम में वाटर कूलर

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** मंगलवार को लायन्स क्लब मुजफ्फरनगर उन्नति ने अपना घर आश्रम बिहारगढ़ शुक्रताल में एक 150 लीटर का वॉटर कूलर लगाया, जिसका लोकार्पण पीएम जेएफ विनय मित्तल इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोरसी ने किया। क्लब मीडिया चेयरमैन अनिल कंसल ने बताया कि इस दौरान संपन्न बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष निखिल मित्तल व सचिव मुनीश जैन ने तमाम अतिथियों का सम्मान किया। सभा का सुंदर संचालन सीए अजय अग्रवाल ने किया। व्यवस्था व साज सज्जा सीए मनीष बंसल द्वारा की गई। कार्यक्रम में पीएमजेएफ विनय मित्तल ने जल सेवा व प्रभु जी को भोजन कराने की महत्ता बताने के साथ इस सुन्दर कार्य की बहुत तारीफ की। क्लब के उपस्थित सदस्यों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि आपने जिस सुन्दर कार्य के लिए आज यहां बुलाया इसके लिए आपका आभारी रहूंगा। इस दौरान अनेकों पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार रखे। इस दौरान मुख्य रूप से डिस्ट्रिक के पदाधिकारियों में रीना अग्रवाल, निखिल मित्तल, सीए मनीष बंसल, मुनीश जैन, अमित गर्ग,



रीजनल गवर्नर नील कमल पुरी, राहुल माहेश्वरी, हिमांशु गुप्ता, आकाश अग्रवाल, राजेश मित्तल, प्रतिभा बंसल, वन्दना मित्तल, अर्चना जैन, लोटस क्लब से डॉ. विवेक कुमार होम्यो, चारु गुप्ता, चेतना क्लब से आशुतोष स्वरूप बंसल, जगरोशन गोयल, वीके जैन, ओडी शर्मा, राजीव अग्रवाल आदि अनेकों सदस्यों ने अपने विचार रखे व इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## शाहपुर में मजलूम समाज पार्टी की बैठक का आयोजन

**शाहपुर, 30 मई (बु.)।** मजलूम समाज पार्टी की एक बैठक आयोजित हुई, जिसका सम्बोधन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष लियाकत मुस्लिम ने कहा कि मजलूमों, पिछड़ों, दलितों, गरीबों, किसानों व मजदूर महिलाओं तथा दबे कुचले समाज के लोगों को उनका हक दिलाने के लिए मजलूम समाज पार्टी का गठन किया गया है। पार्टी के स्थापना दिवस 24 जून के उपलक्ष में कस्बे में आगामी 24 जून को सद्भावना रैली के आयोजन करने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा कि मजलूम समाज पार्टी अपने दम पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए दमदार उम्मीदवार चुनाव में मैदान में उतारेगी और जोरदार तरीके से चुनाव लड़ेगी, जिसका आगाज 24 जून 2023 को सद्भावना रैली से करेगी। पार्टी के कोषाध्यक्ष अख्तर प्रधान ने क्षेत्र की जनता से 24 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या रैली में शामिल होने की अपील की है। पार्टी को युवा नेता फुरकान चौधरी ने कहा कि मजलूम समाज पार्टी के पदाधिकारी शाहपुर क्षेत्र में हर गांव, हर घर पहुंचकर लगातार रैली को कामयाब बनाने के लिए जन सम्पर्क करेंगे।

बैठक की अध्यक्षता लियाकत मुस्लिम तथा संचालन फुरकान चौधरी ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से अखतर प्रधान, डॉ. मीर हसन, आकाश चौधरी, अशफक उल्लाजो सभासद, मौहम्मद अरशद कुरैशी पलडी, नदीम प्रधान, आबिद चौधरी, कलीम प्रधान, मुकीम चौधरी, शामिल हुए।

## चुनाव में हरवाने वालों को सम्मान मिलता देख बौखलाये भाजपाई



**खतौली, 30 मई (बु.)।** मंगलवार को कस्बे में एक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था पर यहां खास यह रहा कि जमीनी भाजपाई नदारद रहे। भाजपा के चिर-परिचित चेहरे गायब दिखे, जिसका कारण था, सम्मेलन में हाल ही में सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत बाधक बने कुछ चेहरों को मंच पर जगह देना। इसका पता चलते ही भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और यहां नहीं पहुंचे। जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलतम नौ वर्ष पूर्ण होने पर घंटाघर स्थित एक निजी बैंक्वेट हॉल में वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में भाजपा के चिर-परिचित चेहरे गायब दिखे। बताया जा रहा है कि सम्मेलन में हाल ही में सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत में रोड़ा बनने वाले कुछ चेहरों को मंच पर जगह दी गई थी। इसका पता भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं को पता चल गया और उन्होंने सम्मेलन का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और यहां नहीं पहुंचे। जानकारी तो यहां तक मिली कि यहां पूर्व पालिकाध्यक्ष पारस जैन को पार्टी में वापसी कराई जानी थी। पारस जैन वही हैं, जिन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में अपने वाहन चालक कृष्णपाल सैनी को उतार कर भाजपा प्रत्याशी को हराने का काम किया था।

अगर पारस अपने प्रत्याशी को न उतारते तो शायद भाजपा के प्रत्याशी उमेश कुमार जीत जाते। इस पूरे घटनाक्रम से भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता खिन्न चल रहे थे। भाजपा के जमीनी कार्यकताओं का यह जख्म अभी भरा ही न था कि मंगलवार को उन्हें फिर से कुरेदा गया। खतौली विधान सभा के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में पांचो मंडलों तिसंग, जानसठ, बडसू, मंसूरपुर, खतौली के कार्यकर्ताओं को मिलाकर कार्यकर्ता बैठक में करीब सौ-सवा सौ की संख्या रही। नगर पालिका परिषद खतौली के चुनाव में जिन लोगों ने पार्टी विरोधी कार्य किया, उन्हें मंच पर बिठाये जाने के विरोध में पार्टी के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। यही कारण रहा कि कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नहीं पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता वीरभान अरोरा ने व संचालन महामंत्री राकेश प्रजापति ने किया।

केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने अपने उद्बोधन मे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार नौ वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किये हैं। ये सरकार देश मे नहीं अपितु विदेश मे भी लोकप्रियता के झंडे गाड़े हुए है। इस सरकार ने विकास कार्यों मे कोई कमी नहीं छोड़ी है। कार्यक्रम मे नगर अध्यक्ष अमित जैन, पंकज त्यागी, सुरेश आर्य, अमित कसाना, मनोज राठी, वीरेंद्र चौहान, राजीव गुप्ता, नन्द किशोर पांचाल, मनोज सैनी, राजपाल, रजत जैन, ऋषभ जैन, अरिहंत, अजय भुर्जी, नवीन उपाध्याय, उत्तम धीमान, लता रानी जैन, तुषार चौहान, राजेंद्र विश्वकर्मा, शोभाराम विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## महाराजा अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में टैबलेट वितरित हुए



**चरथावल, 30 मई (बु.)।** महाराजा अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में टैबलेट वितरित किए गए। इस मौके पर छात्राएं उत्साहित हो गईं। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंगलवार को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत टैबलेट वितरण मुख्य अतिथि शहर नगर पालिका की नव निर्वाचित चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप एवं समारोह अध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक कंसल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा ग्रामीण अंचल की बेटियां शिक्षित होकर राष्ट्र और समाज के उत्थान में सहभागी बनें। रोजगार के अपार अवसर है। टैबलेट का उपयोग कॅरियर को तराशने में करें। कॉलेज प्रबंधन ने चेयरमैन को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. अनीता चौधरी ने संचालन किया। अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश गर्ग, प्रबंधक विनोद सिंघल, संरक्षक अनुज बंसल, प्रवीण सिंघल, शरद गर्ग, जनेश्वर दास सिंघल, हैबतपुर प्रधान प्रिंस सिंघल, कोमल सिंघल,आशीष सिंघल,संदीप कंसल, योगीराज प्रेमी, मांगेराम कश्यप आदि मौजूद रहें। प्रवक्ता डा सारिका शर्मा, पारूल त्यागी, प्रियंका त्यागी, सरिता, अमित सिंघल, दीपक तागी आदि का सहयोग रहा।

### चेयरमैन पति गौरव स्वरूप को बुके देकर सम्मानित किया

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** भारतीय जनता पार्टी की नवनिर्वाचित चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप का स्वागत कार्यक्रम दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं, क्योंकि लोगों में अति उत्साह मीनाक्षी स्वरूप के प्रति उमड़ रहा है, क्योंकि दो कार्यकाल के बाद नगर पालिका में भाजपा की चेयरमैन बनी है, इसीलिए लोगों में खुशी है। इसी क्रम में आज युवा भाजपा नेता एवं संस्थापक उदय वेलफेयर सोसाइटी के निधीष राज गर्ग पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे और वरिष्ठ भाजपा नेता एवं चेयरमैन पति गौरव स्वरूप को बुके देकर सम्मानित किया।



## उप्र सफाई कर्मचारी संघ ने नवनिर्वाचित चेयरमैन का किया स्वागत

**चरथावल, 30 मई (बु.)।** नगर पंचायत में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ चरथावल की तरफ से नवनिर्वाचित चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन त्यागी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी कर्मचारीगण मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के जिला सचिव नावेद अंसारी, अध्यक्ष रविंद्र कुमार, महामंत्री सुनील सौदाई द्वारा नवनियुक्त चेयरमैन को पगड़ी पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा सभी कर्मचारियों ने चेयरमैन और अन्य अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन मास्टर इस्लाम ने कहा है कि वह सभी कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। कर्मचारी भी पूरी मेहनत और लगन के साथ



कार्य करें, जिससे सफाई व्यवस्था सही हो और कस्बे का सफाई व्यवस्था में नाम हो। इस मौके पर पूर्व सभासद सलीम उर्फ भूरा त्यागी, सलीम मलिक, डॉ. सनववर, सोम प्रकाश, राजेंद्र कुमार, भारत, आदेश, सोनू, प्रमोद कुमार, कलवा, अमित, शमीम सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीडी गोयनका के विद्यार्थियों ने दिखाया अपना जलवा

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** आज जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मेरठ में आयोजित स्केटिंग खेल में अंतरराष्ट्रीय आरएसएफआई के अंतर्गत यूपी आरएसए एसोसिएट के सौजन्य से ओपन डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशीप" में भाग लिया, जिसे ए.डी-एओसी कमेटी मेरठ ने आयोजित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने आयु वर्ग के अनुसार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पृथ्वी राज चौहान ने (११-१४ वर्ष) ३०० मीटर इनलाइन रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व शुभ गोयल ने (१७+वर्ष) ३०० मीटर इनलाइन रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के स्केटिंग कोच श्रीमान अभिषेक सिंह ने अपने अथक परिश्रम और लगन से छात्रों को विशेष रूप से प्रशिक्षित कर उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने में योगदान दिया। इसी के साथ





जी.डी. गोयनका के छात्रों ने राधाकृष्ण वेलफेयर ट्रस्ट' के सौजन्य से सहारनपुर मंडल की ओर से जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया व विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसमें छात्रों ने निम्न प्रकार स्थान प्राप्त किए:-

**८-११ वर्ष आयु वर्ग में :-**

अनन्या गोयल प्रथम स्थान कक्षा ५, सान्वि सिंघल द्वितीय स्थान कक्षा -५, सानवी शर्मा प्रथम स्थान कक्षा -४, राव्या सिंघल द्वितीय स्थान कक्षा -४, आयुष्मान स्थान - द्वितीय कक्षा -४

**११-१४ वर्ष आयु वर्ग:-**

नव्या शर्मा प्रथम स्थान कक्षा -८, आराध्या त्यागी द्वितीय स्थान कक्षा- ६

**१४-१७ वर्ष आयु वर्ग:-**

आराध्या गुणदेव प्रथम स्थान कक्षा -८, अनविशा द्वितीय स्थान कक्षा -११

विशेष रूप से कार्यक्रम में अनन्या गोयल, आराध्या ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का मन ही मोह लिया और उन्हें खड़े होकर तालियां बजाने के लिए विवश कर दिया। संपूर्ण कार्यक्रम का श्रेय रिशू रुहेला को जाता है, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन के द्वारा छात्रों को प्रशिक्षित किया।

## फर्स्टक्राई प्रीस्कूल में बच्चों ने पूल पार्टी में की खूब मौज मस्ती



**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** फर्स्टक्राई प्रीस्कूल में समर कैंप की क्लोजिंग सेरेमनी में बच्चो ने पूल पार्टी का लुत्फ उठाया। समर कैंप में प्ले,नर्सरी और एलकेजी कक्षा के विद्यार्थी शामिल हुए। डायरेक्टर आकाश मंगल ने बताया कि समर कैंप में बच्चों ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया, जैसे नॉन कुकिंग फूड, मैजिक शो, इंडोर गेम्स, योगा, टाई एंड डाई कलर, प्लांटेशन आदि और बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए। समर कैंप में प्रिंसिपल प्रतिज्ञा पूरी और शिक्षिका शुभी, आरुषि, मलिका मौजूद रहे।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"दुर्योधन" "किरदार" "सिलसिला" "मन्थरा"

न खर दूषण ही मर पाए, न दुर्योधन ही गायब हैं,  
कई शैतान जिन्दा हैं, है उनका सिलसिला जिन्दा।  
हैं सब किरदार दुनिया में, फकत बस नाम बदले हैं,  
हजारों राक्षस बाकी, अभी है मन्थरा जिन्दा।

## 3 साल पूर्ण होने पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल पहुँचे बधाई देने





**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** महाकाल लंगर सेवा को आज रेलवे स्टेशन मंडी साइड गरीब बेसहारा मजदूरों के लिए शाम को प्रतिदिन निशुल्क भोजन की व्यवस्था को 3 साल पूरे हो गए हैं। महेश बाटला द्वारा यह लंगर सेवा अपने पिताजी-माता जी प्रेम सागर बाठला-आरती बाठला की मैरिज एनिवर्सरी के अवसर पर 3 साल पहले शुरू की गई थी। इस लंगर सेवा में लगभग 200 व्यक्ति प्रतिदिन शाम को निशुल्क भोजन करते हैं। इस लंगर सेवा का उद्देश्य मुजफ्फरनगर शहर में कोई व्यक्ति भूखा न सोए। यह लंगर सेवा दानदाताओं के सहयोग से चल रही है। शहर के प्रबुद्ध लोग जन्मदिन मैरिज एनिवर्सरी तथा अपने माता-पिता सगे संबंधियों के पुण्यतिथि को गरीबों में आकर मनाते हैं। इसी क्रम में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रबुद्ध लोगों ने लंगर सेवा स्थल पर आकर सेवादारों का उत्साहवर्धन किया। सेवादार महेश बाटला, सरदार गुरजीत सिंह, मास्टर विजय सिंह, श्याम नारंग, वरुण, राजेश गोयल, संजय त्यागी, सचिन खुराना, पुष्पेंद्र जैन, प्रेम सागर, हिमांशु बाटला, भावना, रमिंदर कौर ने सभी अतिथियों व दानदाताओं को पटके व प्रतीक चिन्ह, फूलों की माला भेंट कर सम्मान किया। आज कार्यक्रम में नगर के कपिल देव अग्रवाल, स्टेशन अधीक्षक, सभासद अमित पटपटिया, जगदीश बाठला आदि ने भाग लिया।

## नि:शुल्क जल सेवा का शुभारंभ हुआ

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** आज भारत विकास परिषद विवेक शाखा द्वारा गंगा दशहरा पर्व पर नि:शुल्क जल सेवा का शुभारंभ गांधी कॉलोनी मेन रोड मनीष टेंट हाउस के बाहर किया गया। यह जल सेवा का कार्य ऐसे ही 5 दिवस चलेगा।, जिसमें शाखा के डॉ॰ आरके सिंह, अचिन कंसल, विश्वदीप गोयल, अमित सिंघल, देवेंद्र गर्ग, परमिंदर कुमार, राजकुमार रहेजा, राजीव गर्ग, शोभित गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल व अन्य शाखा के सदस्य उपस्थित होकर जल सेवा कार्य का शुभारंभ किया। शाखा अध्यक्ष अमित सिंघल ने सभी शाखा के आए हुए पदाधिकारियों का हृदय की गहराइयों स्वागत किया तथा शाखा द्वारा किए गए जल सेवा के कार्य की सराहना की गई। इस मौके पर अमित सिंघल, राज कुमार रहेजा, निशा रानी, शोभित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।





# पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**मीरापुर, 30 मई (बु.)।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब मीरापुर द्वारा एक गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर कस्बें के एक रेस्टोरेंट में प्रेस क्लब द्वारा आयोजित गोष्ठी व सम्मान समारोह का शुभारंभ पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पं. वासुदेव शर्मा ने तथा मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं पत्रकार पं. सुशील कुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पत्रकारों ने अपने सम्बोधन में संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि सभी साथियों को वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान करना चाहिए तथा सभी पत्रकार संगठन व पत्रकारों के हित के साथ साथ समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए भी कार्य करते रहें तथा निडर होकर पत्रकारिता करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र कि पत्रकारिता बेहद कठिन है, जिसे हमें जिम्मेदारी से निर्वहन करना है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संरक्षक आस मौहम्मद कैफ ने सभी पत्रकारों से मिलजुल कर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पं. वासुदेव शर्मा ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब की स्मारिका का प्रतिवर्ष विमोचन भी होना चाहिए। इस दौरान सभी पत्रकारों ने ईमानदारी व निष्ठा के साथ देश हित में पत्रकारिता करने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन आस मौहम्मद कैफ द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब की ओर से वरिष्ठ पत्रकार वासुदेव शर्मा, पं. सुशील शर्मा व राहुल शर्मा को शाल पहनाकर सम्मानित किया गया।इस दौरान मुख्यरूप से धर्मोंद चौधरी, ऋतु मोहन, सोनू धीमान, जोगेन्द्र चौधरी, कोमल कुमार, नईम चौधरी, शाहनवाज सोनू, राजेन्द्र चौधरी, संदीप कुमार, शुएब मंसूरी, फरीद अंसारी आदि मौजूद रहे।



# यदि जीवन से है प्यार, तंबाकू को करें इंकार

## (विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई पर विशेष)

आज सम्पूर्ण विश्व में किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। यह जानते हुए भी कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसके सेवन में कोई कमी नहीं हो रही है। तंबाकू के कारण प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में लोग अकाल मौत के शिकार हो जाते हैं। इसके हानिकारक प्रभाव को देखते हुए डब्लूएचओ ने 1987 में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य तम्बाकू से होने वाले हानिकारक प्रभावों के प्रति आम जन को जागरूक करना तथा इसकी लत को छुड़वाना है। हालाँकि 1988 में सात अप्रैल को यह दिवस मनाया गया, परंतु इसके पश्चात प्रति वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जा रहा है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2023 की इस वर्ष की थीम है "हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं, जिसका उद्देश्य तंबाकू किसानों के लिए वैकल्पिक फसल उत्पादन के अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें टिकाऊ और पौष्टिक फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

तम्बाकू एक ऐसा पौधा है, जिसकी पत्तियों के लिए खेती की जाती है, जिसे सुखाकर तम्बाकू उत्पाद बनाने के लिए किण्वित किया जाता है। इसमें निकोटीन होता है। तंबाकू का सेवन अनेक रूपों में किया जाता है। तंबाकू के सभी रूप हानिकारक हैं और तंबाकू के संपर्क में आने का कोई सुरक्षित स्तर नहीं है। सिगरेट धूम्रपान दुनिया भर में तंबाकू के उपयोग का सबसे आम रूप है। अन्य तंबाकू उत्पादों में वाटरपाइप तंबाकू, विभिन्न धुआं रहित तंबाकू उत्पाद, सिगार, गुटका, पान मसाला, सिगारिलोस, रोल-योर-ओन तंबाकू, पाइप तंबाकू, ई-सिगरेट, बीड़ी और क्रेटेक्स शामिल हैं। तम्बाकू में अनेक हानिकारक रसायन पाए जाते हैं जिसमें निकोटीन प्रमुख हैं। इसके सेवन से मुँह का कैंसर, गले का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, आँत का कैंसर, हृदय रोग जैसे जानलेवा रोग होते हैं। इनके अलावा इसके नियमित सेवन से त्वचा का समय से पहले बूढ़ा होना, प्रतिरक्षा कम होना, मसूड़ों व दांतों में संक्रमण आदि समस्या उत्पन्न करता है। धूम्रपान न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति को हानि पहुँचाता है बल्कि सेवन करने वाले व्यक्ति के सम्पर्क में आने वालों के स्वास्थ्य पर भी हानिकारक प्रभाव डालता है। तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही टीवी, फिल्मों, रेडियो, प्रिंट प्रकाशन,



होर्डिंग आदि से इसके प्रचार, प्रसार और प्रायोजन पर व्यापक प्रतिबंध द्वारा इसकी खपत को कम किया जा सकता है। एक बार तंबाकू की लत लगने पर उसे छोड़ना अत्यंत कठिन हो जाता है, परंतु दृढ़ इच्छाशक्ति द्वारा यह कार्य संभव है, जिसमें परिवार के सदस्यों व साथियों का सहयोग अति आवश्यक है।

इसके सेवन से न केवल हम अपने आपको कठिनाई में डालते है बल्कि अपने परिवार को भी हम कठिनाई में डालने का कार्य करते हैं। तंबाकू के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरुक कर हम भी विश्व तंबाकू निषेध दिवस को मनाने में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को इसकी लत है तो इस समस्या से जल्द से जल्द उबरना चाहिए।

इसके लिए प्रण लेना होगा, धीरे धीरे इसका सेवन कम करना होगा, और फिर इसका सेवन पूर्ण रूप से समाप्त करना होगा।

जन-जन में संदेश फैलाएं  
तंबाकू है जहर कभी न खाएं



डॉ. वंदना शर्मा

## चेन्नई पांचवीं बार बना आईपीएल चैंपियन



**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार आईपीएल ट्रॉफी जीती है। इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन का फाइनल रोमांचक रहा। 15 ओवर में 171 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी।आखिर तक गुजरात-चेन्नई फैंस की सांसे अटकी रहीं। मैच की आखिरी दो गेंद थीं और जीत के लिए चेन्नई को 10 रन चाहिए थे। जडेजा क्रीज पर थे, उधर पवेलियन में बैठे कप्तान एमएस धोनी आंखें बंद कर जीत की प्रार्थना करते दिख रहे थे। तभी 20वें ओवर की आखिरी बॉल फेंकी गई और जडेजा ने चौका जड़ दिया। स्टेडियम में करंट सा दौड़ गया और चेन्नई के फैंस जश्न में डूब गए। जडेजा के चौके साथ ही चेन्नई ने गुजरात को 5 विकेट से हरा दिया। जडेजा सीधे एमएस धोनी की तरफ दौड़े। धोनी की आंखों में आंसू थे। उन्होंने जड्डू को गोद में उठा लिया। हर कोई जश्न में डूबा हुआ था, जबकि गुजरात के स्टार बॉलर मोहित शर्मा मैदान में निराश बैठे दिखे।

## पुल से गिरी बस, चालक समेत 10 की मौत, 59 घायल

**जम्मू, 30 मई (एजेंसी)।** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर झज्जर कोटली के पास बड़ा सड़क हादसे में एक बस पुल से नीच गिर गई। इस हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 59 यात्री घायल हैं। बताया जा रहा है कि बस अमृतसर से वैष्णो देवी (कटड़ा) जा रही थी। बस में करीब 70 यात्री सवार थे। सभी बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जैसे ही बस नेशनल हाइवे-44 पर झज्जर कोटली पहुंची, बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। हादसे में सात से ज्यादा लोगों के मरने की खबर है। वहीं, 41 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जम्मू जिले से करीब 15 किलोमीटर दूर झज्जर कोटली के पास हुआ है।

## अयोध्या के संतों ने उठाई पॉक्सो एक्ट में संशोधन की मांग

**अयोध्या, 30 मई (एजेंसी)।** रामनगरी अयोध्या के महंतों ने को वैदेही भवन में पॉक्सो एक्ट में संशोधन करने की मांग उठाई है। पत्रकारों से वार्ता में बताया कि पांच जून को रामकथा पार्क में होने जा रही जनचेतना रैली के मंच से धमाचार्य पॉक्सो एक्ट में संशोधन की मांग को बुलंद करेंगे। इस कार्यक्रम में पहलवानों के आरोपों से घिरे सांसद बृजभूषण शरण सिंह समेत देश भर से बड़ी संख्या में धमार्चार्य, विधिवेत्ता जुटेंगे। पत्रकार वार्ता में महंत कमलनयन दास ने कहा कि कुछ कानून का गलत इस्तेमाल हो रहा है। पांच जून को संत समाज एकत्रित होकर कुछ कानून में संशोधन करने की मांग उठाएंगे। उन्होंने सांसद बृजभूषण शरण सिंह का समर्थन करते हुए कहा कि उन पर जो आरोप लगे हैं, इसमें कुचक्र दिख रहा है। लक्ष्मण किला के महंत मैथिली रमण शरण ने कहा कि 5 जून को हजारों संतों-महंतों व कई पूर्व न्यायाधीश, अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। हस्ताक्षर युक्त प्रस्ताव राष्ट्रपति को भेजकर पॉक्सो एक्ट में संशोधन की मांग की जाएगी।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुराचांदपुर का दौरा किया

**इंफाल, 30 मई (एजेंसी)।** हिंसा प्रभावित मणिपुर के तीन दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चिन-कुकी-मिजो समुदाय को अगले 15 दिनों के भीतर राजनीतिक समाधान का आश्वासन दिया है। स्वदेशी जनजातीय नेता फोरम (आईटीएलएफ) बैठक के बाद दावा किया। सुबह इम्फाल में मैतेई समुदाय के नेताओं से मिलने के बाद, अमित शाह ने चुराचंदपुर जिले की यात्रा की और विभिन्न हितधारकों और आदिवासी नेताओं के साथ कई बैठकें कीं। असम राइफल्स के तुंइबोंग में आयोजित इस बैठक में कुकी विधायक और आईटीएलएफ के प्रतिनिधि शामिल थे।

## भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान कल से, एक माह के भीतर देश की 80 करोड़ आबादी तक पहुंचने की तैयारी

**मुंबई, 30 मई (एजेंसी)।** अगले साल देश में आम चुनाव होने हैं। उससे पहले सभी पार्टियां अभी से अपनी रणनीतियां बनाने में जुटी हुई हैं। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कल से एक महा जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। पार्टी के एक नेता ने बताया कि यह अभियान एक महीने तक चलेगा। इस दौरान पार्टी हर लोकसभा क्षेत्र के एक हजार प्रतिष्ठित व्यक्तियों पहुंचेगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने पत्रकारों को बताया कि 31 मई से शुरू होने वाला यह अभियान 30 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा, हमने देश की हर लोकसभा सीट से 1,000 लोगों की सूची तैयार की है, जिन्होंने अपनी सेवा के दौरान पद्म या राष्ट्रपति पदक जैसे नागरिक पुरस्कार जीते हैं। भाजपा नेता ने कहा, लोकसभा की 543 सीटों में यह आंकड़ा कुल 5.5 लाख लोगों है, जिनके पास भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी या केंद्रीय मंत्री इस अभियान के दौरान पहुंचेंगे।

## पीएमएलए की वैधता को चुनौती देकर जमानत मांगने की प्रवृति गलत'; शीर्ष कोर्ट की अवकाश पीठ की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में पीएमएलए की वैधता को चुनौती देने की आड़ में जमानत मांगने की प्रवृत्ति की निंदा की है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ ने मंगलवार को इसकी निंदा करते हुए कहा कि अधिनियम को चुनौती देने वाली ऐसी याचिकाएं दायर करना और परिणामी राहत की प्रक्रिया में अन्य उपलब्ध कानूनी उपायों को दरकिनार करना है। छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला मामले में जांच का सामना कर रहे लोगों द्वारा दायर याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाश पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा कि अदालत विजय मदनलाल के फैसले के बावजूद धारा 15 और 63 और पीएमएलए के अन्य प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली धारा 32 के तहत इस अदालत में रिट याचिकाएं दायर करना एक प्रवृत्ति बन गई है। जिन पर राहत भी दी गई है। लेकिन याचिकाकर्ता ऐसे मामलों के निपटारे के लिए उन मंचो से किनारा कर रहे हैं, जो उनके लिए खुले हैं। वे सीधे यहां आ जा रहे हैं।

## कंबोडिया के राजा को राष्ट्रपति भवन में मिला गार्ड ऑफ ऑनर,

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)।** कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर आए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। कंबोडिया के राजा को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। सिहामोनी सोमवार को भारत के नई दिल्ली पहुंचे हुए हैं। उनकी यह यात्रा भारत और कंबोडिया के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होने की 70वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में हो रही है। दोनों देशों के बीच वर्ष 1952 में कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। इस दौरान मंगलवार को कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी राष्ट्रपति मुर्मू से मिले। बाद में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री सहित कई गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की। वहीं इस मौके पर राष्ट्रपति भवन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान दिया गया। मंत्रियों से मुलाकात करने के बाद कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी ने राजघाट पर महात्मा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## मणिपुर सेना की मौजूदगी में कैसे चलती रही निजी सरकार?

**इंफाल, 30 मई (एजेंसी)।** मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर नित्य नए खुलासे हो रहे हैं। अब तो मणिपुर की इनसाइड स्टोरी में चीन की भी एंट्री हो गई है। नतीजा, सेना प्रमुख मनोज पांडे को मणिपुर आकर घटना का जायजा लेना पड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मणिपुर में कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के अलावा वहां के विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के विश्वस्त सूत्रों ने तीन प्वाइंट में मणिपुर की जो इनसाइड स्टोरी बताई है, वह हैरान करने वाली है। सेना, असम राइफल और सीएपीएफ के पहुंचने के बाद भी वहां पर कट्टरपंथी समूहों की 'निजी सरकार' कैसे चलती रही। जहां पर सुरक्षा बल तैनात होने थे, वहां गाड़ियों की चेकिंग निजी समूह कर रहे थे। मणिपुर के पुलिस कमांडो पर यह आरोप लग गए कि वह एक किसी समूह का साथ दे रहे हैं। बटालियनों और पुलिस थानों में से दो हजार से ज्यादा घातक हथियार लूट लिए जाते हैं। महज दो सप्ताह के भीतर मणिपुर में रेडिकलाइजेशन के जरिए नए कट्टरपंथी समूह खड़े हो गए हैं।

## एयर इंडिया के विमान में यात्री ने क्रू मेंबर पर किया हमला

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)।** एयर इंडिया के प्रवक्ता ने यह भी बताया कि फ्लाइट में यात्रा के दौरान एक यात्री ने बदतमीजी की। आरोपी यात्री ने चालक दल के सदस्यों को गालियां दीं। इतना ही नहीं उसने चालक दल के सदस्यों में से एक पर हमला भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद भी यात्री ने अपने खराब व्यवहार को जारी रखा। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल आरोपी यात्री को सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया गया है।

## न्यायिक अधिकारी की छवि खराब करने पर दस दिन की जेल

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)।** सोशल मीडिया आजकल लोगों को नीचा दिखाने का प्लेटफॉर्म बन गया है। लोग इसका गलत इस्तेमाल कर न्यायिक अधिकारियों को भी बदनाम करने की कोशिश करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश का समर्थन करते हुए स्पष्ट कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग करके न्यायिक अधिकारियों को बदनाम नहीं किया जा सकता है। बता दें, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक जिला न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए एक व्यक्ति को 10 दिन की जेल की सजा सुनाई थी। इस आदेश को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई कर रहा था। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाश पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं। ये दूसरों के लिए सीख होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि अगर आपको आपके मनमर्जी का आदेश नहीं मिलता है। इसका मतलब यह नहीं कि आप न्यायिक अधिकारी को बदनाम करें। न्यायमूर्ति ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अर्थ केवल कार्यपालिका से ही नहीं बल्कि बाहरी ताकतों से भी है।

## बंगाल में इकलौता कांग्रेस विधायक टीएमसी में हुआ शामिल

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)।** राजनीति में कब क्या हो जाए इसका अंदाजा लगाना काफी मुश्किल होता है। राजनीतिक दल अपने अपने आंकड़े फिट करने के लिए विधायकों-सांसदों को खूब लुभाते भी हैं। ऐसा ही कुछ पश्चिम बंगाल में हुआ यहां कांग्रेस के एकमात्र विधायक बायरन बिस्वास ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए इसके बाद कांग्रेस ने मंगलवार को टीएमसी पर खूब निशाना साधा और कहा कि क्या इस तरह की खरीद-फरोख्त से विपक्षी एकता मजबूत होगी, यह केवल भाजपा के उद्देश्यों को पूरा करती है।

## दूल्हे की हुई अचानक मौत, बारात की जगह निकली अर्थी

**बहराइच, 30 मई (एजेंसी)।** बहराइच में जरवल रोड थाना क्षेत्र निवासी एक मां-बाप की बेटे को शादी के लिए तैयार देखने की खुशियां उस समय खत्म हो गई, जब शादी से कुछ घंटे पहले दूल्हे की मौत हो गई। दूल्हे की मौत हार्ट अटैक से होनी बताई जा रही हैं। वहीं मौत की सूचना के बाद से पूरे गांव में मातम का माहौल है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अटवा निवासी राजकमल (21) की शादी जरवल के कोयलीपुर अट्ठैसा निवासी एक लड़की के साथ तय हुई थी। सोमवार 29 मई को शादी समारोह था और अटवा से कोयलीपुर के लिए बारात जानी थी। बारात को लेकर राजकमल के घर उत्सव जैसा माहौल था और सभी बारात की तैयारियों में लगे थे। राजकमल के मां-बाप बारात से पहले की रश्मों में जुटे थे। लेकिन इसी दौरान परिवार पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बारात की तैयारियों के बीच अचानक राजकमल की तबियत खराब हो गई। परिजन जब तक कुछ समझ पाते राजकमल अचेत होकर जमीन पर गिर गया। परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दरोगा ने लाइनमैन को धुना, तो थाने की विद्युत सप्लाई काटी

**मेरठ , 30 मई (एजेंसी)।** मेरठ के खरखौदा थाने पर 35 हजार का बिजली बिल भरने के बजाय दरोगा ने लाइनमैन को ही धुन दिया। बताया गया कि लाइनमैन क्षेत्र में लगे मेले में हुए विद्युत फाल्ट को ठीक करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान दरोगा ने उसकी पिटाई कर डाली। उत्तर प्रदेश पुलिस मुफ्तखोरी से बाज नहीं आती है। यही कारण है कि ऐसी और पंखे में बैठने वाले अधिकारियों को बिजली बिल भरने में पसीने छूटने लगते हैं। ऐसा ही कुछ खरखौदा थाने का मामला हुआ। थाने पर 35 हजार रुपये बिजली बिल बकाया है। बिल जमा करने के बजाय दरोगा लाइनमैन से उलझ गया। गुस्साए विद्युतकर्मी ने थाने की बिजली काट दी गई। बताया गया कि मंगलवार को क्षेत्र में लगे माता मेले में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई तो लाइनमैन फाल्ट ठीक करने पहुंचा लेकिन यहां थाने के दरोगा ने उसे घेर लिया और उसकी पिटाई कर दी। वहीं थाने के अधिकारी घटना की जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं।

# व्यवस्था की खामियां बताना मीडिया का काम: विनीत नारायण

**▶ पत्रकारिता दिवस पर केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, डीएम व एसएसपी तथा वरिष्ठ पत्रकारों ने सकारात्मक सोच पर दिया जोर**

**▶ श्रीराम कॉलेज के सभागार में जिले भर के पत्रकार शामिल: मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संस्थापक उत्तमचंद्र शर्मा, गोविंद वर्मा, नरेंद्र मित्तल तथा एम रहमान भी सम्मानित**




























**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आज आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। इस मौके पर हवाला कांड को उजागर करने के बाद सुर्खियों में आए वरिष्ठ पत्रकार विनीत नारायण ने कहा कि पत्रकार का काम सत्ता का गुणगान करना नहीं, बल्कि उसकी कमियों को उजागर कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए काम करना है। आयोजन में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान, प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, एसएसपी संजीव सुमन तथा तमाम पत्रकारों ने गणेश शंकर विद्यार्थी को याद करते हुए इलेक्ट्रानिक, प्रिंट और सोशल मीडिया के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि मीडिया की ताकत समय के साथ और बढ़ी है।

श्रीराम कॉलेज के सभागार में आज डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पत्रकारिता दिवस के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि विनीत नारायण ने कहा कि सत्ता की खूबियां गिनाने के लिए तो सरकारी मीडिया है, उसकी खामियां ढूंढना पत्रकारों का काम है। यह सकारात्मक उद्देश्य के लिए होना चाहिए। लोकतंत्र में कार्यपालिका, न्यायपालिका, व्यवस्थापिका और मीडिया सब का काम एक दूसरे पर नजर रखना है, ताकि गलतियों को सुधारा जा सके और लोकतंत्र की नींव मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हवाला जैसे बड़े घोटाले को खोलकर उन्होंने सिस्टम से टकराव लिया, क्योंकि इसमें राजनेताओं से लेकर बड़े अधिकारी और न्यायपालिका के अधिकारी तक लिप्त थे। इसमें कामयाबी इसलिए मिली क्योंकि हमारे पास मजबूत तथ्य थे। बड़ी संख्या में लोगों को इस्तीफा देना पड़ा और कई को जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को हमेशा तथ्यपरक आलोचना करनी चाहिए। उनके पास सत्य की ताकत होगी तो कोई उन्हें डिगा नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि आज मीडिया का तकनीकी पक्ष सबल हुआ है तो इसमें तमाम खामियां भी आई हैं। इन्हें दूर करने का काम भी मीडिया को स्वयं करना होगा। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि पत्रकार कभी स्वतंत्र नहीं होता, उस संस्थान की पॉलिसी के साथ जुड़कर काम करना होता है, लेकिन आज इतने मीडिया संस्थान हैं कि एक सच कहीं दबाया जाता है तो उसे दूसरी जगह स्थान मिल सकता है।

केन्द्रीय राज्यमंत्री डा.संजीव बालियान ने कहा कि मीडिया ने हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई है। वह रोज एक घंटा अखबार पढ़ते हैं और उन्हें ऐसी तमाम जानकारियां मिलती हैं, जिन पर काम करने की जरूरत महसूस होती है। इससे उन्हें रास्ता मिलता है। हालांकि उन्होंने सोशल मीडिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इसके जरिए कई बार बिना किसी तथ्य के गलत सूचनाएं दुख पहुंचाती हैं। उन्होंने सभी को पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसापेक्ष पत्रकारिता ही सबका उद्देश्य होना चाहिए।

प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने स्वयं पत्रकार के रूप में सभी लोगों के बीच रहकर काम किया है। ऐसे में वे पत्रकारों की स्थिति को समझते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो उन्हें लगातार मीडिया से सही मार्गदर्शन मिला है और इससे उन्हें समाज सेवा की शक्ति भी प्राप्त हुई है।

जिलाधिकारी अरविंद मल्लपा बंगारी ने कहा कि प्रशासन को मीडिया के माध्यम से कई ऐसी जानकारियां मिलती हैं, जिनसे उन्हें सच और गलत का भी पता चलता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को सकारात्मक भूमिका निभाते हुए समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने कहा कि मीडिया समाज के लिए रोल मॉडल भी तैयार करने का काम करता है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि गलत छवि वाले लोगों का महिमामंडन करने के बजाय सही लोगों को रोल मॉडल बनाएंगे तो समाज के लिए बेहतर होगा।

श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ.एससी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि पत्रकारों की जो नई पीढ़ी आ रही है, उससे काफी उम्मीदें हैं। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या व कोर्डिनेटर डॉ.प्रेरणा मित्तल के अलावा श्रीराम कॉलेज के बी.जे.एम.सी. की छात्रा साधना सिंह व फातिमा आदि ने भी विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकार ऋषिराज राही ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। डिस्ट्रिक्ट मीडिया क्लब के अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने सभी को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकारिता के लिए भारतीय प्रेस क्लब द्वारा सम्मानित आंचलिक पत्रकार रोहिताश वर्मा का विशेष सम्मान किया गया। जिले की पत्रकारिता को अपना पूरा जीवन देने वाले भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य तथा मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संस्थापक उत्तमचंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद वर्मा, नरेंद्र मित्तल तथा एम रहमान को भी इस मौके पर सम्मानित करने का ऐलान किया गया। वरिष्ठ पत्रकार ऋषिराज राही तथा वशिष्ठ भारद्वाज के संचालन में हुए आयोजन में लोकेश पंडित, नीरज भार्गव, मदन बालियान, अरविंद भारद्वाज, समाज सेवी अखिलेश दत्त शर्मा, पंडित जयकुमार शर्मा, समाजसेवी एवं उद्योगपति सत्यप्रकाश रेशू, वरिष्ठ समाजसेवी जयकुमार शर्मा, वैद्यराज देवेन्द्र वर्मा, मौ.खालिद सभासद, देवेश कौशिक सभासद, भाजपा नेता विशाल गर्ग, श्रीमोहन तायल तथा पत्रकार संजीव गोल्डी, शिवम जैन, शरद गोयल, राजेन्द्र कौशिक, राकेश शर्मा, सलेकचन्द पाल, लोकेश भारद्वाज, विजय कर्णवाल, विकास शर्मा, भूषण भास्कर, मौ.राशिद जैदी, रोबिन, नवनीत शर्मा, सतपाल सिह, विजय गोयल, विपिन शर्मा, संजय अग्रवाल, श्यामा चरण पंवार, दिनेश अस्थाना, राकेश अस्थाना, प्रेमपाल सिंह, अनिल चौधरी, संदीप वत्स पंडित जी, के.पी.सैनी, राहुल शर्मा मीरापुर, ऋतु मोहन, संजय राठी भोपा, कमल मित्तल, मंगल सिह गुर्जर, पी.के.श्रीवास्तव, विकास सैनी, सचिन जौहरी, अमित पाल, पंकज ऐरन, अमित भार्गव, अमित पाल, विजय सैनी, आदेश त्यागी, अहसान कुरैशी, हिमांशु पाल, प्रवीण कुमार, अनिस जिगरी, वासू प्रजापति, भगत सिंह वर्मा, मनोज वाधवा आदि उपस्थित रहे।

## यात्री बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**भोपा, 30 मई (बु.)।** जौली बेहड़ा मार्ग पर सामने से तेजी से आ रही यात्री बस ने कार में टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस चालक मौके से फरार हो गया तथा कार चालक को चोटें आई हैं।

मंगलवार की सुबह सवेरे मुरादाबाद निवासी व्यक्ति सियाज कार संख्या डीएल 9 एके 6195 द्वारा मुजफ्फरनगर रिश्तेदारी से मुरादाबाद अपने घर की ओर जा रहा था। तभी बेहड़ा सादात चौराहे पर भोपा की ओर से आ रही यात्री बस संख्या यूपी 13 बीटी 0906 ने कार में टक्कर मार दी, जिससे कार चालक को गम्भीर चोटें आई तथा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की।



ग्राम बेहड़ा सादात में बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार

## उत्तर प्रदेश में फिर से कार्यवाहक डीजीपी चुने जाने के आसार

**लखनऊ। डीजीपी आरके विश्वकर्मा की सेवानिवृत्ति में कुछ घंटे बाकी होने तक राज्य सरकार की ओर से पुलिस विभाग के नये मुखिया के चयन का प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग नहीं भेजा जा सका। इन हालात में दो दिन बाद फिर कार्यवाहक डीजीपी से काम चलाना पड़ सकता है। चर्चा है कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत डीजी सीबीआईडी विजय कुमार को कार्यवाहक डीजीपी बनाया जा सकता है। प्रदेश के नये पुलिस मुखिया के पद के लिए डीजी कोआपरेटिव सेल आनंद कुमार और विजय कुमार में से किसी एक को चुना जाना है।**



पत्रकारिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते विनीत नारायण।

## आंधी तूफान से उड़े गऊशाला के टिन शेड, बड़ा हादसा टला

**भोपा, 30 मई (बु.)।** सोमवार की रात्रि आए तेज आंधी तूफान में सरकारी गऊशाला का 50 फीट लम्बा टिन शेड उड़कर पड़ौस के घर में जा गिरा व विद्युत लाईन पर गिर जाने से चिंगारी उठ गई, जिससे बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया।

थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ा में सरकार द्वारा कांजी हाउस गऊशाला बनाई गई है, जिसमें आवारा गौवंश की देखरेख की जाती है। सोमवार की रात्रि आए तेज आंधी तूफान में गऊशाला के बरामदे पर पड़ा हुआ लगभग 50 फीट लम्बा टिन शेड उड़ गया तथा पड़ौस में रहने वाले सचिन, सोमपाल, राजकुमार आदि के घर में जा गिरा तथा कुछ टिन शेड विद्युत तारों पर जा गिरा, जिससे काफी देर तक चिंगारी उठती रही। गनीमत रही कि टिन शेड से कोई हादसा नहीं हुआ। टिन शेड के तूफान में उड़ जाने से आसपास चीख पुकार मच गई। तूफान के बाद ग्रामीणों ने घरों की छत पर व घरों में पड़े टिन शेड को हटाया।



गऊशाला के बरामदे से तूफान में उड़ गया टिन शेड व तूफान में उड़कर पड़ौस की छत पर पड़ा हुआ गऊशाला का टिन शेड। -फोटो बुलेटिन

## मेरठ में सपा विधायक शाहिद मंजूर के भाई की 24 बीघा जमीन कुर्क



**मेरठ, 30 मई (एजेंसी)।** मेरठ में किठौर स्थित राधना गांव में सपा विधायक शाहिद मंजूर के भाई हाजी आरिफ की 24 बीघा जमीन को प्रशासन ने सोमवार को कुर्क कर लिया। जमीन में बने स्कूल को छोड़ दिया है। एडीएम मवाना अखिलेश कुमार का कहना है कि अभिलेखों में यह जमीन सिंचाई विभाग के नाम है। स्कूल ट्रस्ट के नाम इस जमीन का बैनामा कैसे कराया गया है। इसके बारे में विधायक परिवार कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे सका। जांच पूरी होने तक जमीन पर प्रशासन का कब्जा रहेगा। राधना के स्कूल डॉ. राम मनोहर लोहिया के प्रबंधक सपा विधायक शाहिद मंजूर के भाई हाजी आरिफ हैं। एडीएम मवाना ने बताया कि स्कूल और उसके आसपास करीब 24 बीघा जमीन है। एक बीघा जमीन में स्कूल है, जबकि अन्य जमीन पर खेती होती है। लिखापढ़ी में इस स्कूल को हाईस्कूल की मान्यता मिली हुई है। इंटरमीडिएट में साइंस विषयों के लिए स्कूल ने आवेदन किया हुआ है। यह सारी जमीन स्कूल ट्रस्ट के नाम बैनामा होना बताया है। सरकारी अभिलेखों में यह जमीन सिंचाई विभाग की है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर जांच की गई। सपा विधायक परिवार ने जमीन की 1994 में राज्यपाल से परमिशन लेकर सिंचाई विभाग के इंजीनियर से बैनामा करने का दावा किया है। दस्तावेज न देने पर प्रशासन ने स्कूल को छोड़कर बाकी जमीन को कुर्क कर लिया है। इस जमीन पर खड़ी फसल (गन्ना) को प्रशासन ने कटवा दी। उसकी रकम मालखाने में जमा करा दी है।

## किसान के साथ 30 लाख रुपए की ठगी

भोपा, 30 मई (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव के किसान के साथ दूसरे गांव के युवकों ने दिल्ली में अपना प्लॉट दिखाकर 30 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेड़ा निवासी पीड़ित किसान असलम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी खेती की जमीन विक्रय करके पैसे इकट्ठे किए थे, तभी ग्राम तेवड़ा निवासी दो लोग किसान से आकर मिले और अपने साथ दिल्ली में महंगी कीमत का प्लॉट दिखाकर प्लॉट बेचने के नाम पर 30 लाख रुपए ले लिए और किसान को 15-15 लाख के दो चैक दे दिए। कुछ समय बाद किसान दिल्ली पहुंचा, तो उस प्लॉट पर कुछ लोग निर्माण कार्य कर रहे थे। पीड़ित किसान ने प्लॉट को अपना बताकर उन्हें रोकना चाहा, तो उन्होंने प्लॉट के कागजात दिखा दिये, जिससे पीड़ित किसान परेशान हो गया और अपने आप को ठगा महसूस करने लगा। पीड़ित किसान ने थाना ककरौली में तहरीर देकर ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शहर के विकास को नगर विकास मंत्री से मिले कपिल देव

**▶ विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए जल निकासी, पथ प्रकाश आदि पर हुई गंभीर चर्चा**



**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** नगर के विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए मंत्री कपिल देव ने नगर विकास मंत्री से भेंट की तथा जल निकासी, सड़क निर्माण, पथ प्रकाश आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की। गत सोमवार को लखनऊ में शहर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से भेंट की। उन्होंने सदर विधानसभा के नगरीय क्षेत्र के जल निकासी, क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण, पथ प्रकाश व अन्य विषयों पर चर्चा की। जानकारी देते हुए मंत्री कपिल देव ने कहा कि लद्दावाला, आबकारी, चुंगी नं.2, प्रेमपुरी, गांधी कॉलोनी, बचन सिंह कॉलोनी सहित शहर के मुख्य नालों में ह्यूमपाईप डालकर निर्माण कराये जाने के कार्य प्रस्तावित किये गए हैं। साथ ही शहर के मुख्य मार्गों जानसठ रोड, रूडकी रोड, भोपा रोड आदि पर फैंसी लाईटों के साथ खम्भे लगवाये जाने का अनुरोध किया गया है। मंत्री कपिल देव ने बताया कि इन सभी कार्यों की मौखिक स्वीकृति मंत्री जी ने दे दी है, जिन्हें शीघ्र ही धरातल पर उतारा जाएगा। कपिल देव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार चंहुमुखी विकास एवं जन कल्याण को प्रतिबद्ध है तथा विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर चलते हुए प्रदेश के हर वर्ग की समृद्धि एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है।

## मायावती ने कहा, दलित ओबीसी के प्रति नहीं बदली है सपा की सोच

**लखनऊ, 30 मई (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि दलितों और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रति सपा की सोच नहीं बदली है। यूपी विधान परिषद की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में हार निश्चित होने के बावजूद सपा ने दलित, ओबीसी उम्मीदवार खड़े किए। उन्हें हराना तथा ज्यादा संख्या बल होने पर इनकी अनदेखी करना यह साबित करता है कि इन वर्गों के प्रति सपा की सरकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदली है। सपा की सरकारों के दौरान उनकी ऐसी ही संकीर्ण राजनीति से दलितों, पिछड़ों व अकलियत समाज के लोगों का काफी अहित होता रहा है। इसलिए आगे से नुकसान से बचने के लिए इन वर्गों के लोगों को हमेशा बहुत सावधान रहने की जरूरत है।

## दो विवाहिताओं ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** अलग-अलग मामलों में दहेजलोभी ससुराल वालों द्वारा दो विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के मामले पुलिस में दर्ज कराए गए हैं। एक मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जबकि दूसरे मामले में मध्यस्थता की बात चल रही है। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सरकुलर रोड निवासी कोर्ट कर्मचारी ने बताया कि उसकी पुत्री का विवाह 11 दिसम्बर 2021 को दिल्ली निवासी विधान कुलश्रेष्ठ से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति व ससुराल वाले उसकी पुत्री को दहेज के लिये प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री को घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में सुजड़ू निवासी विवाहिता ने शहर कोतवाली पर दी गई तहरीर में अपने पति व ससुरालवालों पर दहेज के लिये प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बताया गया कि विवाहिता के माता पिता साउथ अफ्रीका में रहते हैं। शहर कोतवाल ने बताया कि दोनों पक्षों में फैसले की बात चल रही है।

## बेहड़ा सादात मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोपा, 30 मई (बु.)।** बच्चों में कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मारपीट में एक युवक व वृद्ध घायल हो गये थे, जिसमें वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर चार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा सादात निवासी संजय पुत्र स्वराज ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बच्चों के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद पड़ौस के ही चार-पांच व्यक्तियों ने लाठी, डंडे व हॉकी से उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया था तथा आरोपी संजय के पिता 55 वर्षीय स्वराज को धक्का देकर मौके से फरार हो गये थे। स्वराज को बेगराजपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थानाध्यक्ष सुनील कसाना ने बताया कि मृतक के पुत्र संजय की तहरीर के आधार पर ग्राम बेहड़ा सादात निवासी आकाश, सतीश, बॉबी व अंशुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।